UNIVERSAL
LIBRARY

OU_182593

UNIVERSAL
LIBRARY



बाबू मनोहरलाल सिंघई

# SELECTED
# ENGLISH POEMS

IN

# HINDI VERSE

OR

# कविता-कुञ्ज

( प्रथम भाग )

FOR

## THE USE OF HIGH SCHOOLS

Translated by

G. P. SINGHAI

*ALL RIGHTS RESERVED*

Second Edition 1000 } 1944 { Price 1/-

Published by Ganesh Prasad Singhai, Saugor (C. P.)
Printed by Girja Prasad Srivastava, at the Hindi Sahitya Press, Allahabad.

# PREFACE

The main object of the author in writing this book is to bring before the Hindi reading public in general and the students in particular some samples of beauties of the English literature.

It has been his endeavour in this book to render as literal and faithful translation of the English verses as possible to enable the readers to appreciate the charms and richness of the original.

The ideas and expressions in different languages differ. Hence this makes translation a difficult job. The poems translated in this book are from the pen of standard English authors. Most of the verses in this book are prescribed in the Matriculation course of the various Indian Universities.

The Indian students generally find it difficult to understand the exact meaning and the spirit of the English poems and to express them in their own tongue.

The author has taken special pains to remove this difficulty of the students by making the

translation as faithful and easy as can be comprehended by every one. He has adopted in this book a homely and familiar style that would speak as it were directly to the heart of the reader and has avoided cumbrous expressions. which often mar the real beauties of the original.

The author will think his labour amply rewarded if the Indian students derive the least benefit from this book.

SAUGOR<br>Dec. 23, 1928 } AUTHOR

# FOREWORD

This is a novel attempt by a leading citizen and merchant of Saugor. Mr. Singhai has kept up his reading, and his love of literature is really note-worthy. That in the midst of his numerous business engagements, Mr. Singhai should have succeeded in snatching odd hours for such a laborious task is due to his peculiarly regular and hard-working habits. Even a cursory reading of the contents of this booklet reveals Mr. Singhai as a Hindi poet of great promise and merit. I wish Mr. Singhai had tried his hand at writing original Hindi poetry. To render Gray, Wordsworth, Southey and similar English poets into Hindi poetry is no easy task—Mr. Singhai has attempted the well-nigh impossible. He must have spent hours of his very valuable time in hunting out beautiful equivalents of the English original; but his labours have been amply repaid in the artists pleasure that he must have felt in the very act of creation, while in placing such an accurate and beautiful translation before the Hindi reading public he has rendered a distinct service to the cause of

Hindi Literature. I congratulate Mr. Singhai upon the success he has achieved. His felicity of expression coupled with the accuracy of translation place a very good book in the hands of students in our schools.

Mr. Singhai has succeeded in showing that in the hands of a capable artist Hindi can express most abstruse thought very easily and beautifully. I hope Mr. Singhai will soon place some of his other writings before the public.

BRAJRAJ,

M.A., B.SC., LL.B.,

PROFESSOR

ALLAHABAD Kayastha Pathshala College

24th May, 1929.

# समर्पण

हिन्दी के साहित्य-विशारद, हिन्दी का हित करने में ।
सतत समय सम्पूर्ण बिताते, हिन्दी-सेवा करने में ॥
उनहीं विमल विवेक बुद्धिवर, गुरू जनों के चरणों में ।
सादर अर्पण है यह पुस्तक, कवियों के कर कमलों में ॥

# CONTENTS


| Serial No. | Name | Page No. | Author |
|---|---|---|---|
| 1 | Thomas Gray's Elegy ... | 1 | Gray |
| 2 | Character of a happy life | 13 | Sir H. Wottom |
| 3 | The man of life upright ... | 15 | T. Campion |
| 4 | The solitude of Alexander Selkirik ... | 17 | W. Cowper |
| 5 | A Psalm of life ... | 21 | H. W. Longfellow |
| 6 | The world is too much with us ... | 24 | W. Wordsworth |
| 7 | Scholar ... ... | 26 | R. Southey |
| 8 | My native land ... | 28 | Sir Walter Scott |
| 9 | A Vista ... ... | 30 | J. A. Symonds |
| 10 | The old familiar faces ... | 33 | C. Lamb |
| 11 | Ode on solitude ... | 36 | Alexander Pope |
| 12 | O' God our help ... | 38 | Dr. Watts |
| 13 | Our Casuarina tree ... | 40 | Toru Dutt |
| 14 | Abou Ben Adhem ... | 44 | Leigh Hunt |
| 15 | The graves of a house-hold ... ... | 46 | Mrs. Hemans |
| 16 | Burial of Sir John Moore at Coruna ... | 49 | C. Wolfe |
| 17 | The inchcape rock ... | 52 | R. Southey |
| 18 | Fidelity ... ... | 57 | W. Wordsworth |
| 19 | The true Imperialism ... | 62 | W. Watson |
| 20 | Requiem ... ... | 63 | R. L. Stevenson |
| 21 | Sympathy ... ... | 64 | C. Mackey |
| 22 | Feed the poor ... | 65 | Griffith |
| 23 | The slave's dream ... | 66 | H. W. Longfellow |

| Serial No. | Name | | Page No. | Author |
|---|---|---|---|---|
| 24 | The Daffodile | ... | 70 | W. Wordsworth |
| 25 | To Daffodils | ... | 72 | R. Herrick |
| 26 | Freedom... | ... | 74 | A. Russian Poet |
| 27 | The Cuckoo | ... | 76 | W. Wordsworth |
| 28 | A happy Warrior | ... | 78 | |
| 29 | Innocent Mind | ... | 79 | |
| 30 | The Pious life | ... | 80 | |
| 31 | The self content | ... | 80 | |
| 32 | Heroic heart | ... | 81 | |
| 33 | Cowards ... | ... | 82 | |
| 34 | Noble death | ... | 82 | |
| 35 | Work ... | ... | 83 | |
| 36 | Prayer ... | ... | 83 | |
| 37 | Morning prayer | ... | 84 | |
| 38 | Never be idle | ... | 85 | |
| 39 | Not the same | ... | 85 | |
| 40 | Little makes great | ... | 86 | |
| 41 | Daring spirit | ... | 86 | |
| 42 | Improvement | ... | 87 | |
| 43 | Kindness | ... | 87 | |
| 44 | Happiness | ... | 88 | N. Cotton |
| 45 | Twinkle twinkle little star | | 88 | Nursery Rhyme |
| 46 | The Clock | ... | 89 | |
| 47 | Work and Play | ... | 90 | |
| 48 | Modest merit | ... | 91 | Gray |
| 49 | The truth | ... | 91 | |
| 50 | The Life of English poets | ... | 92 | |
| 51 | Testimonials & Reviews | | 104 | |

ओ३म् नमः

जिसने राग, द्वेश, कामादिक, जीते सब जग जान लिया।
सब जीवों को मोक्ष-मार्ग का, निस्पृह हो उपदेश दिया॥
बुद्ध, वीर, जिन, हरि, हर ब्रह्मा, या उसको स्वाधीन कहो।
भक्ति-भाव से प्रेरित हो हे चित्त! उसी में लीन रहो॥

—मेरी भावना।

# THOMAS GRAY'S ELEGY

1 The curfew tolls the knell of parting day,
The lowing herd winds slowly o'er the lea,
The ploughman homeward plods his weary way,
And leaves the world to darkness and to me.

## ग्रे कवि का आर्त्तनाद

१ 'करफ्यू' घण्टा नाद सूचना, दिवस अन्त की लाता है।
बिखरा और रँभाता पशु-दल, चरागाह से आता है॥
थका हुआ अति दीन कृषक भी, लटपटात आता गृह ओर।
छोड़ चले जग अन्धकार में, श्यामनिशा मुझको चहुँ ओर॥

2 New fades the glimmering landscape on the sight,
And all the air a solemn stillness holds,
Save where the beetle wheels his droning flight,
And drowsy tinklings lull the distant folds;

२ अन्धकार छाया था चहुँदिशि, पूरी शान्ति झलकती थी।
चक्कर से उड़ते 'झींगुर' की, अविरल ध्वनि सुन पड़ती थी॥
भेड़ों की चौबाड़ी से जो, अधिक दूर थी बनी हुई।
कभी कभी घण्टी की आहट, सुन पड़ती थी बँधी हुई॥

3 Save that, from yonder ivy-mantled tower,
The moping owl does to the moon complain
Of such as, wandering near her secret bower,
Molest her ancient solitary reign.

३ इसके भी अतिरिक्त सामने, खण्डित जो मीनार खड़ी।
एक लता लिपटी थी उससे, आता था रव घड़ी घड़ी॥
उस उदास उल्लू का जो रव, 'घू घू घू' सुन पड़ता था।
मानो वह शशि से निज दुख की, यही शिकायत करता था॥
जन उसके प्राचीन वास में, अति उजड़े नीरव थल पर।
सुखद राज्य में विघ्न डाल कर, बाधक बनता है आकर॥

4 Beneath those rugged elms, that yew-tree's shade,
Where heaves the turf in many a mouldering heap,
Each in his narrow cell for ever laid,
The rude forefathers of the hamlet sleep.

४ भोले भाले ग्रामीणों के पूर्वज, सकरी कबरों में।
हुई समाधियाँ ढेर-रूप हा! पड़े हुए उन बिवरों में॥
ढेरों पर उनकी कबरों के, तृण-समूह अब खड़े हुए।
'एम' और 'यू' के वृक्षों की, छाया में हैं पड़े, हुए॥

5 The breezy call of incense-breathing Morn,
The swallow twittering from the straw-built shed,
The cock's shrill clarion, or the echoing horn,
No more shall rouse them from their lowly bed.

५ मन्द सुगन्ध समीर प्रात की, बहती तृण-युत कुटियों पर।
बैठ मधुर गायन करती हैं 'अबाबील' उनके ऊपर॥
मुर्ग-बाँग वा बिगुल पारधी, समाधिस्थ उन कृषकों को।
सोते से न जगा सकते हैं, पड़े हुए उन मृतकों को॥

6 For them no more the blazing hearth shall burn,
Or busy housewife ply her evening care;
No children run to lisp their sire's return,
Or climb his knees the envied kiss to share.

६ उन्हें तापने को नहिं गृहिणी, आग प्रचण्ड जलावेंगी।
और नहीं सन्ध्या परिचर्य्या, प्रेम सहित कर पावेंगी॥
अब अबोध बालक उनके सब, बाट न उनकी जोहेंगे।
पकड़ प्यार से पैर पिता के, प्रेम-हेतु नहिं मचलेंगे॥

7 Oft did the harvest to their sickle yield,
Their furrow oft the stubborn glebe has broke;
How jocund did they drive their team a-field
How bowed the woods beneath their sturdy stroke!

७ पकी हुई वे फसल खेत की, हँसिया से काटा करते।
'पड़ती' हुई कठोर भूमि को, हल से थे जोता करते॥
जोत मोद से अश्व हलों में, कृषी-कार्य को करते थे।
वन-वृक्षों पर घाव लगा कर, विजयी उन पर बनते थे॥

8 Let not Ambition mock their useful toil,
Their homely joys, and destiny obscure;
Nor Grandeur hear with a disdainful smile
The short and simple annals of the poor.

८ अहो महत्त्वाकांक्षी उनके, हितकर कृत आमोद प्रमोद।
अप्रसिद्ध जीवन विलोक तुम, हँसी उड़ा मत करो विनोद॥
अय गर्वीले विभववान्! इन दीनों की लघु जीवन-गाथ।
सुनकर के उपहास नहीं तुम, करना कभी घृणा के साथ॥

9 The boast of heraldry, the pomp of power,
And all that beauty, all that wealth e'er gave,
Awaits alike the inevitable hour.
The paths of glory lead but to the grave.

९ कुल का मद अरु राज दबदबा, धन सुन्दरता जग बढ़ती।
होता नाश चिता में इनका, मृत्यु नहीं टाले टलती॥
हो प्रभावशाली कितने ही, निश्चय मिट जावेंगे हन्त।
अहंकार अरु सम्पति का भी, समाधि में ही होगा अन्त॥

10 Nor you, ye proud, impute to these the fault,
If Memory o'er their tomb no trophies raise,
Where through the long-down aisle and
fretted vault
The pealing anthem swells the note of praise.

१० मृतक जनों की स्मृतियों में, हैं समाधियाँ बनी हुईं।
गिरजे के चहुँ ओर दीखतीं, शोक-छन्द से रहित हुईं ॥
उन पर नहीं चिह्न अङ्कित जो, इस पर तुम मत इतराओ।
हो मदान्ध अब दीनों को तुम, दोषी कह मत बतराओ ॥

11 Can storied urn or animated bust,
Back to its mansion call the fleeting breath?
Can Honour's voice provoke the silent dust,
Or Flattery soothe the dull cold ear of Death?

११ अर्द्ध मनुष्याकार शिला पर, विवरण अंकित करने से।
हो सकता है वह सजीव नहिं, पत्थर पर सब लिखने से ॥
टूटी हुई श्वास मृतक की तन में फिर क्या आ सकती?
उनके प्रति की गई तान क्या, तन में जोश जगा सकती?
मरने पर शीतल कर्णेन्द्रिय, पुनः कार्य क्या दे सकती?
करके श्रवण चापलूसी भी, भला शान्ति क्या ले सकती?

12 Perhaps in this neglected spot is laid
Some heart once pregnant with celestial fire;
Hands, that the rod of empire might have
swayed.
Or waked to ecstasy the living lyre.

१२ शायद इस जन-त्यक्त भूमि पर, कुछ भट, वीर-हृदय वाले।
गड़े हुए होंगे इस थल पर, तत्व-ज्योति रखनेवाले ॥
अथवा वे भी सोए होंगे, कर राज काज जो सकते थे।
या उनमें के कई व्यक्ति जो, गायक कवि हो सकते थे ॥

13 But Knowledge to their eyes her amble page
Rich with the spoils of time did ne'er unroll;

Chill Penury repressed their noble rage,
And froze the genial current of the soul.

१३ हेतु न यश बढ़ने का उनका, अवसर की न हुई अनुरक्ति।
स्वाभाविक जो भरी हुई थी, अन्तरात्मा में वह शक्ति॥
विकसित नहीं कभी हो पाई, कारण ? एक दीनता थी।
इसी हेतु प्रस्फुटित हुई नहिं, प्रकृति-दत्त जो गुरुता थी॥

14 Full many a gen of purest ray serene,
The dark unfathomed caves of ocean bear :
Full many a flower is born to blush unseen,
And waste its sweetness on the desert air.

१४ नील, अगाध जलधि अन्तर्गत, अति गम्भीर गुफा के बीच।
विमल कान्ति मय मणी अनेकों, पड़े हुए रहते मिल कीच॥
लेकर जन्म अदृश्य पुष्प अति, फैलाते हैं मरु पर गन्ध।
खिल करके मुरझाते हैं सब, करती मारुत नष्ट सुगन्ध॥

15 Some village Hampden, that, with dauntless breast
The little tyrant of his fields withstood,
Some mute inglorious Milton here may rest;
Some Cromwell guiltless of his counry's blood.

१५ कृषक दुखद कानून विनाशक, 'हेम्पडेन' बन सकते थे।
गूँगे पशु सम पड़े अभागे; 'मिल्टन' कवि हो सकते थे॥
'क्रॉमवेल' से वीर युद्ध-प्रिय, इन में से हो सकते थे।
व्यर्थ नहीं वे रक्त बहाते, देश-दुःख खो सकते ।

16 The applause of listening senates to command,
The threats of pain and ruin to despise,
To scatter plenty o'er a smiling land;
And read their history in a nation's eyes.

१६ राज-नीति परिषद् में भी वे, उत्तम मान सदा पाते।
नहीं विनाश, कष्ट पाने की, कुछ भी वे परवा करते॥
उनका भी इतिहास जाति की, आँखों में होता आदर्श।
निज कर्तव्य पालते वे सब, करते अधिक देश-उत्कर्ष॥

17 Their lot forbade : nor circumscribed alone
Their growing virtues, but their crimes confined ;
Forbade to wade through slaughter to a throne,
And shut the gates of mercy on mankind ;

१७ केवल उनकी किस्मत ही ने, उनके सद्गुण कुचल दिए।
साथ साथ ही दुर्गुण सारे, उनके चकना चूर किए॥
वञ्चित रहे रक्त-सरिता से, राजासन के पाने से।
दया-द्वार मानव के हित का, थे असमर्थ खुलाने से॥

18 The struggling pangs of conscious truth to hide,
To quench the blushes of ingenuous shame,
Or heap the shrine of Luxury and Pride
With incense kindled at the Muse's flame.

१८ मिथ्या को नहिं सच्चा कह कर, उनने कभी सुबूत दिया।
स्वाभाविक लज्जा का भी नहिं, कभी उन्होंने घात किया॥

भोग युक्त मदपूर्ण गृहों, में रहनेवाले धनिकों की।
मुँह मीठी कविता कर उनसे, नहिं इनाम की इच्छा की ॥

19 Far from the madding crowd's ignoble strife,
Their sober wishes never learned to stray ;
Along the cool sequestered vale of life
They kept the noiseless tenor of their way.

१९ उनने जीवन नहीं अन्य सम, प्रतिद्वन्दी बन पूर्ण किया।
कारण ? सद् इच्छाओं ने भी, सीमा को नहिं चूर्ण किया ॥
उनका वह अति सुन्दर जीवन, शून्य गुफा जनवासी सम।
अधिक शान्ति मय एक मार्ग से, सारा जीवन हुआ खतम ॥

20 Yet even these bones from insult to protect
Some frail memorial still erected nigh,
With uncouth rhymes and shapeless sculp-
ture decked,
Implores the passing tribute of a sigh.

२० अपमानों से बचने के हित, विमल-अस्थियों को उनकी।
पास पास थी गईं बनाईं, जीर्ण शीर्ण कबरें सबकीं ॥
ग्राम्य-अशुद्ध छन्द भी जिन पर, भद्दी कृति दिखलाते थे।
पास गुज़रनेवाले जन से, ठण्डी श्वास खिंचाते थे ॥

21 Their name, their years, spelt by the unlet-
tered Muse,
The place of fame and elegy supply :
And many a holy text around she strews,
That teach the rustic moralist to die.

२१ इनके नाम उमर की बर्षें, ग्राम्य-छन्द में अङ्कित थीं।
उनकी कीर्ति तथा कृत्यों को, करतीं जो सब सूचित थीं॥
बाईबिल के विमल छन्द भी, बिखरे ढँग से अङ्कित थे।
ग्राम्य-निवासी धार्मिक विधि से, मृत्यु-सिखापन में रत थे॥

22 For who, to dumb Forgetfulness a prey,
This pleasing anxious being e'er resigned,
Left the warm precincts of the cheerful day,
Nor cast one longing, lingering look behind ?

२२ मानव मौन्य और विस्मृति का, बन शिकार इक दिन जिसको।
करना होगा त्याग हाय इस, सुख-दुख पूरित नर-तन को॥
सुख मय जीवन-सीमा एवम्, सुखद दिवस तजना होगा।
आशा भरी नज़र से जग को, नहीं किसे लखना होगा ?

23 On some fond breast the parting soul relies,
Some pious drops the closing eye requires ;
E'en from the tomb the voice of Nature cries,
E'en in our ashes live their wonted fires.

२३ होने वाली विलग आतमा, प्रेम हृदय पर है निर्भर।
होने वाली बन्द आँख भी, चाह रही प्रेमाश्रु निकर॥
कबरों के भीतर से प्रकृती, टेर लगा कर कहती है।
अमर वासना सदा ख़ाक में, जीवित होकर रहती है॥

24 For thee, who mindful of the unhonour'd
Dead,
Dost in these lines their artless tale relate ;
If chance, by lonely Contemplation led,
Some kindred spirit shall inquire thy fate,

२४ यदि कोई जन मुझ से पूछे, इन मृतकों के बारे में—
मनन किया क्यों इतना गहरा ? उनके वर्णन सारे में ॥
कलाहीन उनकी गाथाएँ, लिखी भला क्यों छन्दों में।
उत्तर भी तब होगा मेरा, निम्न लिखित यों छन्दों में—
"मेरे सदृश बैठ यहाँ पर, यदि तुम भी कुछ सोचोगे।
मेरी भी क्या हालत होगी ? इस पर ही तुम पहुँचोगे" ॥

25 Haply some hoary-headed swain may say :
"Oft have we seen him at the peep of dawn
Brushing with hasty steps the dews away,
To meet the sun upon the upland lawn.

२५ "शायद इसका सच उत्तर ये, देगा कोई वृद्ध किसान।
प्रति दिन उठ प्रात: 'ग्रे' आता, ओस युक्त वाले मैदान ॥
ओस घास पर जो बिखरी थी, उसे कुचलता आता था।
देखा भी मैंने है उसको, जल्दी जल्दी जाता था ॥
चढ़ कर फिर अति उच्च स्थल पर, खड़ा खड़ा देखा करता।
सुन्दर सूर्य उदय कब होगा ? जग का अन्धकार हरता" ॥

26 "There at the foot of yonder nodding beech,
That wreathes its old fantastic roots so high,
His listless length at noontide would he stretch,
And pore upon the brook that babbles by.

२६ "वायु-वेग से हिलते वट की, थीं अति जो प्राचीन जड़ें।
एक दूसरी से गुथ कर वे, ऊपर उठी हुई उमड़ें ॥
इस प्रकार के वृक्ष तले वह, भद्र व्यक्ति दोपहरी में।
खूब पसर कर लेटा करता, लहराता सुख लहरी में ॥

उसी विटप के अधिक निकट ही, कल कल कर नाला बहता।
जिसे सदा वह बड़े प्रेम से, प्रति दिन था देखा करता" ॥

27 "Hard by yon wood, now smiling as in scorn,
Muttering his wayward fancies he would rove;
Now drooping woeful-wan, like one forlorn,
Or crazed with care, or crossed in hopeless love.

२७ "कभी कभी वह निकट विजन के, जाकर घृणित हास्य भरता।
भ्रमण समय ही निज विचार वह, अति अस्पष्ट प्रकट करता ॥
कभी कभी वह हो निराश अति, निन्दित लोगों के सदृश्य।
अति उदास हो जाता था फिर, हास्य सभी होता अदृश्य ॥
होता था अति चिन्तित वह फिर, पात्र प्यार का नहीं समझ।
हेतु निराशा का भी यह था, थी उसकी जो यही समझ ॥

28 One morn I miss'd him on the customed hill,
Along the heath and near his favourite tree;
Another came; nor yet beside the rill,
Nor up the lawn, nor at the wood was he.

२८ "एक दिवस प्रातः किसान ने, उसे उच्च उस चोटी पर।
अथवा जङ्गल के समीप भी देखा नहीं विटप के तर ॥
नहीं दूसरे दिन भी उसको, पाया नाले के तट पर।
जङ्गल में भी दिखा नहीं वह, नहीं हरित हरियाली पर" ॥

29 The next, with dirges due in sad array
Slow through the church-way path we saw him borne—
Approach and read (for thou canst read) the lay
Grav'd on the stone beneath yon aged thorn.'

२६ "अतिशय समारोह के सँग में, एक दिवस शव-यान लिए।
गिर्जा-पथ पर दिखे मुझे जन, शोक-छन्द की तान किए॥
आकर आप समाधि सन्निकट, जहाँ खड़े कंटक तरु-वृन्द।
पढ़िए खूब ग़ौर से उनको—पत्थर पर जो अङ्कित छन्द" ॥

THE EPITAPH

30 Here rests his head upon the lap of Earth;
A youth, to fortune and to Fame unknown:
Fair Science frown'd not on his humble birth
And Melancholy marked him for her own.

( कवि की समाधि पर का शोक छन्द )

३० हाय ! आज यह 'ग्रे' सा कवि भी, सुखद गोद भू-माता की।
सदा काल को शयन कर रहा, मरजी विश्व-विधाता की॥
यद्यपि वञ्चित रहा तरुण यह, यश वैभव से जीवन भर।
किन्तु सदय थी वाक्-दायिनी, अनुकम्पा थी अति इन पर॥
अतिशय उदासीनता ने भी, अपने गुरुतर पञ्जे में।
फँसा लिया था इन्हें जन्म से, भीषण इसी शिकञ्जे में॥

31 Large was his bounty, and his soul sincere,
Heaven did a recompense as largely send:
He gave to Misery (all he had) a tear,
He gained from Heaven ('t was all he wished) a friend.

३१ सहानुभूति भारी थी इनमें, निश्छल अन्तरात्मा थी।
ईश्वर ने भी बड़ी दैनगी, इन्हें सदय प्रदान की थी॥
हत् भागी पुरुषों को देने, करुणा मय आँसू ही था।
जिसे ईश ने सहानुभव हित, मित्र सदृश्य ही भेजा था॥

32 No farther seek his merits to disclose,
Or draw his frailties from their dread abode,
(There they a like in trembling hope repose)
The bosom of his father and his God.

३२ गुण दोषों पर इनके आगे, नहिं विचार करना अब है।
वह सभीत कम्पित आशा मय, ईश-न्याय पर निर्भर है॥

---

## THE CHARACTER OF A HAPPY LIFE

1 How happy is he born and taught
That serveth not another's will ;
Whose armour is his honest thought,
And simple truth his utmost skill ?

## सौभाग्य जीवन

१ उस नरोत्तम व्यक्ति का, जग-जन्म-जीवन धन्य है।
धन्य है शिक्षा उसी की, जो जगत में गण्य है॥
सुविचार जिसके अङ्ग-रक्षक, हैं सदा ही शान से।
सत्यता, स्वतन्त्रता भी, है जिसे प्रिय प्राण से॥

2 Whose passions not his masters are,
Whose soul is still prepared for death,
Untied unto the world by care
Of public fame, or private breath ;

२ रखता सदा अधिकार में, जो वासनाएँ सर्वथा।
आतमा भी काल से, पाती नहीं जिसकी व्यथा॥
चिन्ता कभी संसार की, विचलित जिसे करती नहीं।
परवा नहीं आलोचना की, कीर्ति की इच्छा नहीं॥

3 Who envies none that chance doth raise
Nor vice ; who never understood
How deepest wounds are given by praise ;
Nor rules of state, but rules of good ;

३ पर की अचानक वृद्धि पर, रखता न ईर्षा-भाव जो।
दुर्गुणों से दूर रह, रखता विवेकी भाव जो॥
निज प्रशंसा सुन जिसे, गड़ते हैं गहरे शूल से।
राजनैतिक नियम जिसको, दीख पड़ते धूल से॥
हैं नियम जिसके ज्ञान मय, बस ज्ञान ही आधार है।
सद्गुणों के हेतु ही वह, धन्य सौ सौ बार है॥

4 Who hath his life from rumours freed ;
Whose conscience is his strong retreat ;
Whose state can neither flatterers feed,
Nor ruin make oppressors great ;

४ उड़ती नहीं अफ़वाह जिसकी, जो विवेक निधान है।
चाटुकारों का न जिसके, द्रव्य से उत्थान है॥
ज़ालिम कभी अन्याय से, उसकी हरण कर शक्ति को।
लाभ पा सकता नहीं, करके पतित उस व्यक्ति को॥

5 Who God doth late and early pray
More of His grace than gifts to lend ;
And entertains the harmless day
With a religious book or friend.

५ करता सदा जो प्रार्थना, इस बात की भगवान से।
प्रेम मुझको है नहीं, संसार के धन, मान से॥
चाहता केवल यही हूँ, हो अनुग्रह सर्वदा।
दैनगी भारी यही है, चाहिए नहिं सम्पदा॥

शान्ति मय सब काल बीते, धर्म के आख्यान में।
और नित अनुरक्ति होवे, सज्जनों के मान में॥

6 This man is freed from servile bands
Of hope to rise, or fear to fall,
Lord of himself, though not of lands;
And having nothing, yet hath all.

*Sir H. Wotton*
( 1568 to 1639 )

६ मुक्त रहता है सदा वह, दासता की ग्लानि से।
रखता न आशा वृद्धि की, डरता नहीं वह हानि से॥
होकर न शासक राष्ट्र का, वह स्वयम् ही सम्राट् है।
होकर न कुछ भी पास में, वह सर्व से सु-विराट है॥

—सर एच वॉटन

## THE MAN OF LIFE UPRIGHT

1 The man of life upright,
Whose guiltless heart is free
From all dishonest deeds,
Or thought of vanity;

## सदाचारी पुरुष

१ आतमा जिसकी सदा, निर्दोष या निकलङ्क है।
दुष्कृत्य वा मिथ्या विचारों, से रहित जयवन्त है॥

2 The man whose silent days
In harmless joys are spent,

Whom hopes cannot delude
Nor sorrow discontent ;

२ जीवन सदा जिस व्यक्ति का, आनन्द मय गम्भीर हो।
सुख दुख सभी सम भाव से, जो भोगता नर वीर हो॥
आशा कभी संसार की, धोखा न दे सकती उसे।
दुख की भला क्या है चली, जो बस रुला सकता उसे॥

3 That man needs neither towers
Nor armour for defence
Nor secret vaults to fly
From thunder's violence.

३ चाहिए ना जिरह-बख्तर अङ्ग-रक्षा के लिए।
गढ़ भी जिसे प्रिय हैं नहीं, निज प्राण-रक्षा के लिए॥
वज्र के भी पात से, भयभीत वह होता नहीं।
खोजता ना कन्दरा, चल भाग छिपने को कहीं॥

4 He only can behold
With unaffrighted eyes,
The horrors of the deep
And terrors of the skies.

४ गहरे भयानक जलधि से, चिन्तित कभी होता नहीं।
धक्का प्रबल तूफान का, भयभीत कर सकता कहीं ?

5 Thus scorning all the cares
That fate or fortune brings,
He makes the heaven his book,
His wisdom heavenly things.

५ दुर्भाग्य या सौभाग्य से, आती उसे जो आपदा।
सानन्द उसको झेल कर, वह दूर करता है सदा।
बस—ईश-निर्मित सृष्टि का, वह मनन करता सर्वदा।
प्रकृति से ही ज्ञान पाकर, शान्त रहता है सदा॥

6 Good thoughts his only friends,
His wealth a well-spent age,
The earth his sober inn
And quiet pilgrimage.

*T. Campion*

( 1777 to 1844 )

६ सु-विचार ही हैं मित्र उसके, श्रेष्ठजीवन-सम्पदा।
बन कर पथिक संसार का, वह शान्ति पाता सर्वदा॥

—टी० केम्पिन

---

## THE SOLITUDE OF ALEXANDER SELKIRK

1 I am monarch of all, I survey,
My right there is none to dispute ;
From the centre all round to the sea,
I am lord of the fowl and the brute.
O Solitude ? where are thy charms
That sages have seen in thy face ?
Better dwell in the midst of alarms,
Than reign in this horrible place.

## निर्जन भूमि-निवास

१ करूँ जहाँ तक दृष्टि वहाँ तक, का मैं ही हूँ अधिकारी।
प्रतिवादी भी नहीं कोई है, अद्भुत राज्य-नृपति भारी॥
मध्य द्वीप से लेकर हूँ मैं, चारों ओर जलधि-तट तक।
पशु पक्षी गण सबका स्वामी, नहीं कोई बढ़ कर अब तक॥
निर्जन भूमि! कहाँ है तेरा? मनहारी वह सुन्दर रूप।
लखा जिसे मुनियों ने ही वह, मुख पर तेरे नित चिद्रूप॥
होता मग्न व्याधि चिन्ता में, यदि जीवन में होते त्रास।
पर—ऐसा भयपूर्ण देश लख, होता हूँ मैं घोर उदास॥

2 I am out of humanity's reach,
I must finish my journey alone,
Never hear the sweet music of speech,
I start at the sound of my own.
The beasts that roam over the plain,
My from with indifference see;
They are so unacquainted with man,
Their tameness is shocking to me.

२ जहाँ आज है वास हमारा, अन्य जनों को अगम प्रदेश।
यहीं अकेला रह कर क्या मैं, काटूँगा हा! जीवन शेष॥
होती नहीं कर्णगोचर हा! अन्य जनों की मधुर गिरा।
निज के शब्द श्रवण करते ही, भ्रम मय होता चकित निरा॥
आते नजर जीवधारी जो, निर्जन थल के चारों ओर।
अति असावधानी से लखते, निडर भाव से मेरी ओर॥
कभी नहीं देखा है जिनने, मनुज जाति को इस थल पर।
अति सीधापन उन जीवों का, देता चोट हृदय-तल पर॥

3 Society, friendship, and love,
Divinely bestowed upon man,
O, had I the wings of a dove,
How soon would I taste you again?
My sorrow I then might assuage,
In the ways of religion and truth,
Might learn from the wisdom of age,
And be cheered by the sallies of youth.

३ समिति, मित्रता, प्रेम—तीन गुण, दिये प्रकृति ने सब जन को।
कर इनका सन्मान हृदय से, प्रमुदित करता निज मन को॥
यदि सपक्ष होता कपोत सम, उड़कर करता इनमें बास।
सत्य, धर्म के पथ पर चल मैं, शेष दुखों का करता नाश॥
करता ज्ञान प्राप्त वृद्धों से, सफल मनोरथ हो जाता।
खेल युवा संग आयु बिताता, मनोमुग्ध हो सुख पाता॥

4 Religion! what treasure untold
Resides hid in that heavenly word?
More precious than silver and gold,
Or all that this earth can afford,
But the sound of the church-going bell
These valleys and rocks never heard,
Never sighed at the sound of a knell,
Or smiled when a sabbath appeared.

४ धर्म सु-तव स्वर्गीय नाम में, क्या अद्भुत निधि छिपी हुई।
स्वर्ण रूप अनमोल वस्तुएँ, पृथ्वी भर की लिपी हुई॥
गिरजे के घण्टे की ध्वनि से, वञ्चित हैं ये गिर-कन्दर।
दुखी न होता शोक-नाद सुन, नहीं प्राप्त हा! रविमन्दर॥

5 Ye winds that have made me your sport,
Convey to this desolate shore
Some cordial endearing report
Of a land I shall visit no more.
My friends do they now and then send
A wish or a thought after me ?
O, tell me I yet have a friend,
Though a friend I am never to see.

५ हूँ हे वायु खिलौना तेरा, ले आ तू निर्जन-तट में।
प्रेम-सँदेशा मातृ-भूमि का, हूँ असमर्थ पलटने में॥
मित्र भला क्या मेरी चिन्ता, करते होंगे कहीं कभी?
हैं जो मित्र अभी क्या उनसे, कहो न होगी भेंट कभी?

6 How fleet is a glance of the mind
Compared with the speed of its flight,
The tempest itself lags behind,
And the swift-winged arrows of light.
When I think of my own native land,
In a moment I seem to be there ;
But, alas ? recollection at hand
Soon hurries me back to despair.

६ कितनी शीघ्र गामिनी है यह, देखो तो इस मन की चाल।
सूर्य-किरण अरु पवन-झकोरा, पार न पाते हैं त्रै-काल॥
सुधि आती जब जन्म-भूमि की, पहुँच वहाँ जाता तत्काल।
पर उत्साह भङ्ग हो जाता, करता हूँ जब तट का ख्याल॥

7 But the sea-fowl has gone to her nest,
The beast is laid down in his lair ;

Even here is a season of rest,
And I to-my cabin repair
There is mercy, in every place,
And mercy, encouraging thought?
Gives even affliction a grace,
And reconciles man to his lot.

*W. Cowper*

(1731 to 1800)

७ जाते हैं निज स्थानों को, पशु-पत्ती जब होती शाम।
ठीक समय पर मैं भी जाता, करने आश्रम में विश्राम॥
दया व्याप्त सर्वत्र ईश की, देती नर-आत्मा को धीर।
सञ्चारित कर शान्ति चित्त में, भाग्य-भरोसे सहता पीर॥

—डब्ल्यू काउपर

## A PSALM OF LIFE

1 Tell me not, in mournful numbers,
Life is but an empty dream,
For the soul is dead that slumbers,
And things are not what they seem.

## जीवन की पवित्र तान

१ शोकित स्वर में कहो न मुझ से, मानव-जीवन स्वप्न समान।
आत्म-शक्ति का वास नहीं है, आलस-भोगी में सच जान॥
अतः सभी जन यह सच जानो, कभी बाहिरी चीज़ों पर।
नहीं भरोसा करना किञ्चित, तुच्छ समझना निज जी भर॥

2 Life is real? Life is earnest?
And the grave is not its goal;
Dust thou art to dust returnest,
Was not spoken of the soul.

२ जीवन सार्थक है इस जग में, नहीं चिता अन्तिम परिणाम।
पंच तत्व से देह बनी यह, पाना है जिनमें विश्राम॥
मरता है केवल यह नर-तन, भस्म इसी की होती है।
सदा अमर है एक आत्मा, कभी नहीं यह खोती है॥

3 Not enjoyment, and not sorrow,
Is our destined end or way;
But to act, that each to-morrow,
Find us farther than to-day.

३ सुख दुख के बन्धन से जीवन, नहीं कभी जग में जकड़ा।
और नहीं इस बन्धन ने भी, यही ध्येय अन्तिम पकड़ा॥
अतः कार्य संलग्न रहो नित, कुछ ना कुछ करते जाओ।
होवे उन्नति जिससे अपनी, सफलकार्य हो यश पाओ॥

4 Art is long, and Time is fleeting,
And our hearts, though stout and brave,
Still, like muffled drums, are beating
Funeral marches to the grave,

४ इस जग में विज्ञान कलादिक, पाए जाते अपरम्पार।
जिनका अर्जन करने के हित, समय चाहिए अति विस्तार॥
पर, जीवन अति ही थोड़ा है, हृदय साहसी भारी है।
श्वास-नगाड़ा निशिदिन बजता, करता चिता—तयारी है॥

5 In the world's broad field of battle,
In the bivouac of Life,
Be not like dumb, driven cattle,
Be a hero in the strife ?

५ जीवन की संग्राम-भूमि में, घोर दुःख औ कष्टों को।
सदा जीत कर रहो सु-रक्षित, मार भगाओ दुष्टों को ॥
उनके साथ हमेशा लड़कर—शीघ्र विजय उन पर पाओ।
विजित बनो नहिं मूक पशू सम, सैनिक बन कर यश पाओ ॥

6 Trust no Future, however pleasant ?
Let the dead Past bury its dead ?
Act—act in the living present ?
Heart within, and God O'erhead ?

६ सुखद भविष्य-काल यदि होवे, उस पर मत विश्वास करो।
भूत-काल के सुख दुख भूलो, वर्तमान में कार्य करो ॥
हृदय बनाओ वीर साहसी, अटल नियम यह ध्यान धरो—
ईश्वर भी है सदा सहायक, इस पर निज विश्वास करो ॥

7 Lives of great men all remind us
We can make our lives sublime,
And, departing, leave behind us,
Footprints on the sands of time.

७ सज्जन पुरुषों का जग-जीवन, सूचित करता हमें पुकार।
"तुम भी अपना जीवन जग में, कर सकते हो इसी प्रकार"॥
रेणु-समान समय पर अपने, पद-चिन्हों को जाते छोड़।
अन्य पुरुष भी देख चलेंगे, इसी हेतु ही आते छोड़ ॥

8 Footprints, that perhaps another,
Sailing o'er Life's solemn main,

A forlorn and shipwrecked brother,
Seeing, shall take heart again.

८ दारुण दुःख-ग्रसित पुरुषों की, जीवन-नौका जर्जर हो।
सज्जन पुरुषों का चरित्र लख, साहस मय उनका उर हो॥

9 Let us, then be up and doing,
With a heart for any fate;
Still achieving, still pursuing,
Learn to labour and to wait.

*H. W. Longfellow*
(1807 to 1882)

६ अतः पूर्ण कर्तव्य समझ कर, करलो पूर्ण परिश्रम को।
लगे रहो सत्कर्मों में नित, डरो न रंच भविष्यत को॥
कठिन कार्य को हल करने का, उत्तम पाठ सदा सीखो।
पीछे पूर्ण शान्ति से अपने, कर्तव्यों का फल चीखो॥

—एच० डब्ल्यू० लाङ्गफैलो

---

## THE WORLD IS TOO MUCH WITH US

1 The world is too much with us; late and soon,
Getting and spending, we lay waste our powers;
Little we see in Nature that is ours;
We have given our hearts away, a sordid boon?

The Sea that bares her bosom to the moon ;
The winds that will be howling at all hours,
And are up-gathered now like sleeping flowers;
For this for everything we are out of tune ;
It moves us not—Great God ? I'd rather be
A Pagan suckled in a creed outworn ;
So might I standing on this pleasant lea,
Have glimpases that would make me less forlorn ;
Have sight of Proteus rising from the sea ;
Or hear old Triton blow his wreathed horn.

*Wordsworth*
(1770 to 1850)

## संसारी जञ्जाल

१ विषय-वासना के प्रवाह में, बहते जन सब संसारी।
सर्व शक्ति का दृढ़ प्रयोग कर, बनते हैं ये अधिकारी॥
त्याग परम सुख मूर्ख सभी वे, विषयों में रहते हैं चूर।
धन-संचय में आयु बिताते, प्रकृति-प्रेम से रहते दूर॥
चन्द्र-किरण-स्पर्श मात्र से, जलधि तरंगें भर लेता।
सन्तत पवन-प्रवाह सुखद भी, मुग्ध चित्त को कर देता॥
परम मनोहर प्रकृति-दृश्य से, प्रमुदित हम नहिं हो पाते।
है अपूर्व सौन्दर्य प्रकृति का, क्योंकर कवि जन गुण गाते॥
ईशु हमारी यही भावना, क्रिश्चियन से 'पेगन' होता।
कल्पित कर देवों को उसमें, पूजक बन मैं सुख पाता॥

प्रकृति ! तुम्हारी रम्य-भूमि पर, कभी कभी विचरण करता ।
हृदय बीच गढ़ मूर्ति रूप की, धन्य जन्म अपना लखता ॥
सिन्धु-तरंगों की उछाल लख, 'प्रोटस' का करता मैं ध्यान ।
सुखद वायु का नाद श्रवण कर, 'ट्रीटन' का करता अनुमान ॥

—वर्डस्वर्थ

---

## THE SCHOLAR

1 My days among the dead are past;
Around me I behold,
Where'er these casual eyes are cast,
The mighty minds of old :
My never-failing friends are they,
With whom I converse day by day.

## साहित्य सेवी

१ बीते दिवस हमारे सारे, पूर्व जनों के जीवन में ।
जब जब दृष्टिपात करता हूँ, पाता हूँ उनको सँग में ॥
उनके रचित वृहद् ग्रंथों का, पाठ निरन्तर करता हूँ ।
ये ही मित्र सदा के साथी, जिनसे नहीं बिछुड़ता हूँ ॥

2 With them I take delight in weal
And seek relief in woe;
And while I understand and feel
How much to them I owe;
My cheeks have often been bedew'd
With tears of thoughtful gratitude.

२ सुख में तो अति हर्ष बढ़ाते, दुख में बनते हैं आधार।
करके मनन गुणों का उनके, सब का होता बेड़ा पार॥
हृदय-पटल पर बोझ ऋणों का, पड़ता है उनका भारी।
अविरल आँसू धार कपोलों, पर से हो जाती जारी॥

3 My thoughts are with the dead; with them
I live in long-past years,
Their virtues love, their faults condemn,
Partake their hopes and fears,
And from their lessons seek and find
Instruction with an humble mind.

३ पूर्वजनों के सदा साथ में, रहते मेरे पूर्ण विचार।
सदा साथ रह चुके उन्हीं के, उनसे हो सीखा आचार॥
करता मान सदा सु-गुणों का, क्षोभित होता भूलों पर।
आशा और भीरुता उनकी, छा जाती मेरे मन पर॥
खोज लगा, कर प्राप्त सु-शिक्षा, प्रेम, प्रमोद बढ़ा देते।
जगत-जीवनी-नौका को हम, हो विनीत शिक्षा लेते॥

4 My hopes are with the dead; anon
My place with them will be,
And I with them shall travel on
Through all futurity,
Yet leaving here a name, I trust,
That will not perish in the dust.

*Robert Southey*
(1774-1843)

४ मेरी सब आशाएँ जग की, पूर्व जनों पर है निर्भर।
वास उन्हीं सँग होगा मेरा, करूँ यात्रा जीवन भर॥
करता हूँ विश्वास हृदय से, नाम काल नहिं खावेगा।
धूल समान नाम यह मेरा, कभी न उड़ने पावेगा॥

—राबर्ट सौदे

---

## MY NATIVE LAND

1 Breathes there the man with soul so dead
Who never to himself hath said,
This is my own, my native land!
Whose heart hath ne'er within him burn'd,
As home his footsteps he hath turn'd
From wandering on a foreign strand?
If such there breathe, go, mark him well!
For him no minstrel raptures swell;
High though his titles, proud his name,
Boundless his wealth as wish can claim,
Despite those titles, power, and pelf,
The wretch, concentred all in self,
Living, shall forfeit fair renown,
And, doubly dying, shall go down
To the vile dust from whence he sprung,
Unwept, unhonoured, and unsung.

*Sir Walter Scott*

# मेरी जन्म-भूमि

१ है ऐसा नर अधम, जगत में जीवित हो जो।
मुख से अपने बात, न ऐसी कहता हो जो—
"जन्म-भूमि अभिराम, यही है मेरी प्यारी।
न्योछावर है तीन लोक, की सम्पति सारी"॥
सप्त सिंधु कर पार, विदेशों में भूला हो।
पर, घर आती बार न, जिसका मन फूला हो॥
यदि ऐसा हो कोई—शीघ्र ही उसको देखो।
भली भाँति अवलोक, नीच तुम उसको लेखो॥
चाहे पदवी होवे, जग में उसकी भारी॥
फैला होवे नाम, जानती दुनियाँ सारी।
इच्छा के अतिरिक्त, पास में अगणित धन हो—
पर न प्रशंसक उसका, कोई भी कवि जन हो॥
कारण ? अति स्पष्ट, "स्वार्थ में समय बिताया"।
मन स्वदेश-हित हेतु, कभी वह तनिक न लाया॥
पड़ा रहा धन मान, जगत में एक किनारे।
आये जब यम-दूत, बजाते मौत-नगारे॥
सुन्दर, सच्चा मान न हा ! जीवन में पाया।
जिस मिट्टी से बना, उसी में पुनः समाया॥
मरने के पश्चात्, न कोई याद करेगा।
द्विगुण मृत्यु से पतित, अधम वह व्यक्ति मरेगा॥

—सर वाल्टर स्काट

## A VISTA

1 These things shall be ! A loftier race
Than e'er the world hath known shall rise
With flame of freedom in their souls
And light of science in their eyes.

## भावी–भावना

१ इस आयोजन-संग्रह से इक, सभ्य जाति वैसी होगी।
जिसका जन्म आज तक जग में, नहीं हुआ ऐसी होगी॥
उसकी अन्तरात्मा से, स्वातन्त्र्य-ज्योति का विमल प्रकाश।
नेत्रों से भी प्रकटित होकर, पावेगा विज्ञान विकाश॥

2 They shall be pure from fraud, and know
The names of priest and king no more ;
For them no placeman's hand shall hold
The balances of peace and war.

२ दूर रहेंगे छल छद्मों से, सभी तरह होंगे अकलंक।
नृपति पुजारी नहीं रहेंगे, भाव न होगा राजा रंक॥
होगा नहिं संग्राम परस्पर, होगा नहीं सन्धि का नाम।
संधि, युद्ध की तुला बनाकर, कुटिलों का नहिं होगा काम॥

3 They shall be gentle, brave and strong,
To spill no drop of blood, but dare,
All that may plant man's lordship firm
On earth and fire and sea and air.

३ वीर, सशक्त, सभ्य अति होंगे, व्यर्थ न रक्त बहावेंगे।
क्षिति, जल, अनल, अनिल पर भी वे, निज अधिकार जमावेंगे॥

4 Nation with nation, land with land,
Inarmed shall live as comrades free ;
In every heart and brain shall throb,
The pulse of one fraternity.

४ राष्ट्र-राष्ट्र-सँग देश-देश सँग, गले गले लग जावेंगे।
बन जावेंगे मित्र परस्पर, प्रीति परस्पर पालेंगे॥
भ्रातृ-प्रेम आवेश पूर्ण हो, उनका मन मस्तक सारा।
फड़क उठेगा पूर्ण वेग से, होगा झट भाई-चारा॥

5 They shall be simple in their homes,
And splendid in their public ways,
Filling the mansions of the state,
With music and with hymns of praise.

५ होगा गृह-जीवन अति सादा, सार्वजनिक कृत हो बढ़ कर।
राज-भवन के भीतर प्रति दिन, ईश-भजन होंगे जी-भर॥

6 In aisles majestic, halls of pride,
Groves, garden, baths, and galleries,
Manhood and youth and age shall meet
To grow by converse inly wise.

६ बन, उपवन, गिरिजाघर, कमरे, कुछ 'गेलरी' में मिलकर।
बाल तरुण वा वृद्ध सभी जन, आत्म-ज्ञान पावें मिलकर॥

7 Woman shall be man's mate and peer,
In all things strong and fair and good,
Still wearing on her brows the crown,
Of sinless sacred motherhood.

७ भव्य नारियाँ सभी कार्य में, देंगी मिल पुरुषों का साथ।
मातृ-भाव का विमल मुकुट, भौंहों पर होगा शोभित माथ॥

8 High friendship, hither to unknown,
Or by great poets half divined,
Shall burn, a steadfast star, within,
The calm clear ether of the mind.

८ प्रकटेगी आदर्श-मित्रता, जिसे नहीं बहुधा समझे।
भू-तल भर के कविगण जिसको, हैं अब तक आधा समझे॥
उस सर्वोत्तम सत्य मित्रता, का तारा झट प्रकटेगा।
शान्त-स्वच्छ जन-हृदय-गगन में, पूर्ण दीप्त हो चमकेगा॥

9 Man shall love man with heart as pure
And fervent as the young-eyed joys,
Who chaunt their heavenly songs before
God's face with undiscordant noise.

९ सुन्दर बालक दूत—ईश ढिग, प्रभु गुण की ज्यों तान भरें।
मनुज मात्र सब शुद्ध हृदय से, मिल भविष्य में प्रेम करें॥

10 New arts shall bloom of loftier mould,
And mightier music thrill the skies,
And every life shall be a song,
When all the earth is paradise.

१० नित नूतन आविष्कारों का, होगा जग में विशद विकाश।
प्रबल तान अति ऊँचे स्वर से, गुञ्जित कर देगी आकाश॥
गान-तान सम होगा जीव, प्रति जन का इस भूतल पर।
स्वर्णमयी सब पृथ्वी होगी, बने स्वर्ग भू-मण्डल पर॥

11 There shall be no more sin, no shame,
Though pain and passion may not die ;
For man shall be at one with God,
In bonds of firm necessity.

११ पाप शरम का नाम मिटेगा, दुःख वासना बनी रहें।
ईश्वर ढिग सब समान होंगे, प्रेम-रज्जुएँ तनी रहें॥

12 These things—they are no dream—shall be
For happier men when we are gone ;
Those golden days for them shall dawn.
Transcending aught we gaze upon.

*J. A. Symonds*

१२ होंगे नहिं जब हम सब भाई, होगा सुखी भविष्य महान।
कही हुई ऊपर की बातें, होंगी, नहिं वे स्वप्न-समान॥
एक समय वह शुभ स्वर्णमय, दिन निश्चय से आवेगा।
आने पर इन सब बातों में, परिवर्तन हो जावेगा॥

—जे० ए० साइमण्डस

---

## THE OLD FAMILIAR FACES

1 I have had playmates, I have had companions,
In my days of childhood, in my joy-ful-
school-day.—
All, all are gone, the old familiar faces.

## मेरे पूर्व-परिचित मित्र

१ जिनके सँग शाला जीवन के, दिन मेरे सुख पूर हुए।
हाय! पुराने परिचित मेरे, सभी मित्र गए दूर हुए

2 I have been laughing, I have been carousing,
Drinking late, sitting late, with my bosom cronies—
All, all are gone, the old familiar faces.

२ मैं अपने प्रेमी मित्रों सँग, रहा हास्यमय जीवन भर।
निशि में उनके संग देर तक, मद्य-पान करता मन भर॥
करता था मैं भी उनके सँग, हो-हल्ला दिन अधिक हुए।
हाय! पुराने परिचित मेरे, सभी मित्र गण पृथक हुए॥

3 I loved a Love once, fairest among women,
Closed are her doors on me, I must not see her—
All, all are gone, the old familiar faces.

३ थी अति सुन्दर एक प्रेमिका, करता था जिस को मैं प्यार।
किन्तु, हाय! अब बन्द हुआ है, उस प्यारी का वह प्रिय-द्वार॥
अब तो दर्शन भी दुर्लभ हैं, सुख मय दिन सब पूर हुए।
हाय! पुराने परिचित मेरे, सभी मित्र गण दूर हुए॥

4 I have a friend, a kinder friend has no man,
Like an ingrate, I left my friend abruptly,
Left him, to muse on the old familiar faces.

४ मेरा एक दयालु मित्र था—जैसे जग में मिलते कम।
अकृतज्ञ सा त्यागा उसको, इस प्रकार भूले थे हम॥
किन्तु, पुराना इष्ट-मित्र वह, हृदय हमारे में रहता।
उस मुख का वह चित्र हमारे, हृदय-पटल पर आ खिचता॥

5 Ghost like I paced round the haunts of my
child-hood,
Earth seemed a desert I was bound to traverse,
Seeking to find the old familiar faces.

५ प्रेत समान भ्रमण मैं करता, बचपन के क्रीड़ा-थल पर।
कहाँ गये हा! परिचित मुख सब, ढूँढ़ फिरा जगतीतल पर॥
दिखाता है जग मरुस्थली सा, उस पर चलना ही होगा।
अपने परिचित मित्रों को तो, खोज लगा पाना होगा॥

6 Friend of my bosom, thou more than a brother,
Why wert thou not born in my father's dwelling ?
So might we talk of the old familiar faces.

६ ऐ मेरे हृदयेश मित्र तू, भाई से भी प्यारा है।
क्यों नहिं जन्म लिया मेरे घर, मुझ से अब तक न्यारा है॥
बनते दोनों भले सहोदर, सुख से पूरे दिन भरते।
बैठ पुराने मित्रों की ही, हम चर्चा निशि दिन करते॥

7 How some they have died; and some they have left me,
And some are taken from me ; all are departed,
All, all are gone, the old familiar faces.

*C. Lamb*

७ किसी तरह कोई ने अपना, यह जग-जीवन भोग लिया।
कोई किसी तरह से बिछुड़े, मुझे किसी ने छोड़ दिया॥
अब सब मुझसे पृथक् हुए हा! मेरे सब सुख धूर हुए।
हाय! पुराने परिचित मेरे, सभी मित्रगण दूर हुए॥

—सी० लेम्ब

---

## ODE ON SOLITUDE

1 Happy the man, whose wish and care
A few paternal acres bound,
Content to breathe his native air
In his own ground.

## एकान्त-वास

१ संसार में सच्चा परम सुख, प्राप्त होता है उसे।
पा पूर्वजों की भूमि को, आनन्द अति होता जिसे॥
सन्तोष रख जो मुग्ध रहता, जन्म-भू की वायु पर।
जीवन उसी पर कर निछावर, रह सुखी वह आयु भर॥

2 Whose herds with milk, whose fields with bread,
Whose flocks supply him with attire,
Whose trees in summer yield him shade,
In winter fire.

२ धेनु के पी दूध को, रहता सुखी वह सर्वदा।
खेत से पा अन्न को, जीवन बिताता है सदा॥

ऊन पाकर भेड़ से, वह ढाँकता है आप को।
वृक्ष-छाया ग्रीष्म में, पा नाश करता ताप को॥
पा काठ वृक्षों से भला, वह उष्ण करता देह को।
मग्न हो निज कार्य में, रखता मनोहर ध्येय को॥

3 Blest, who can unconcern'dly find,
Hours, days and years slide soft away.
In health of body, peace of mind,
Quiet by day.

३ बीतता दिन शान्तिमय वा, स्वास्थ्य की सम्भाल में।
वर्ष, घण्टे, रात, दिन, नहिं बीतते जग-जाल में॥

4 Sound sleep by night ; study and ease,
Together mix'd sweet recreation ;
And innocence, which most does please
With meditation.

४ ले घोर निद्रा रात में, अध्ययन सदा सुख से करे।
प्रमुदित सदा रह चित्त में, वह खेद सब मन से हरे॥
ध्येय रख निर्दोष कृति का, विमल-सुखमय शान्त हो।
करता निरूपण तत्व का, ज्ञानी बना निर्भ्रान्त हो॥

5 Thus let me live, unseen unknown,
Thus unlamented let me die,
Steal from the world and not a stone
Tell where I lie.

*Alexander Pope*

५ जीवन हमारा जगत में, सु-अदृश्य अरु अज्ञात हो।
शोकित न हो कोई मनुज—इस देह का जब पात हो॥

चिन्ह भी मेरा न हो, जग में, समाधि-प्रसार का—
विश्व ले मुझको छिपा, मैं हूँ पथिक संसार का ॥

—एलेक्जेण्डर पोप

---

## O GOD OUR HELP

1 O GOD, our help in ages past,
Our hope for years to come;
Our shelter from the stormy blast,
And our eternal home.

## ईश-वन्दना

१ नाथ हमारे सङ्ग युगों युग, बने रहे तुम हितकारी।
आशा भी ऐसी करता हूँ, सदा रहो मम उपकारी ॥
रहा एक अवलम्ब तुम्हारा, इस संसार-समर थल में।
अन्तिम आश्रयदाता भी तुम, होगे अजर अमर पद में ॥

2 Under the shadow of Thy throne,
The saints have dwelt secure,
Sufficient is Thine arm alone,
And our defence is sure.

२ सदा छत्र-छाया में तेरी, योगी रहे सुरक्षित हैं।
भुज-बल से तेरे निश्चय ही, हम सब भाँति सुरक्षित हैं ॥

3 Before the hills in order stood,
On earth received her frame,

From everlasting Thou art God,
To endless years the same.

३ क्षिति, गिरि की रचना के पहिले, नाथ सदा तू व्याप्त रहा।
अजर, अमर, अक्षय हे प्रभुवर, अब तक वैसा प्राप्त रहा॥

4 A thousand ages in Thy sight
Are like an evening gone,
Short as the watch that ends the night
Before the rising sun.

४ प्रभो! आपकी सदय दृष्टि में, सहस्र वर्ष इक निशा समान।
शीघ्र प्रभात रात्रि से होता, अन्तिम प्रहर रात्रि अनुमान॥

5 Time, like an ever-rolling stream,
Bears all its sons away;
They fly forgotten, as a dream,
Dies at the opening day.

५ काल नदी के है प्रवाह सम, जन का करता सन्तत घात।
उन्हें भूल हम यों ही जाते, रात्रि-स्वप्न ज्यों होते प्रात॥

6 O GOD, our help in ages past,
Our hope for years to come,
Be thou our guard while life shall last,
And our eternal home.

*Dr. Watts*

६ प्रभो! रहो तू सदा सहायक, यही निवेदन नित होगा।
जीवन-रक्षा कर मरने पर—तू ही मुझे शान्ति देगा॥

—डाक्टर वॉट्स

## OUR CASUARINA TREE

1 Like a huge Python, winding round and round,
The rugged trunk, indented deep with scars,
Up to its very summit near the stars,
A creeper climbs, in whose embraces bound
No other tree could live. But gallantly
The giant wears the scarf, and flowers are hung.
In crimson clusters all the boughs among,
Whereon all day are gathered bird and bee,
And oft at nights the garden overflows
With one sweet song that seems to have no close,
Sung darkling from our Tree, while men repose.

## हमारा केजुरीना-वृक्ष

१ केजूरीना नामक वट से, लिपटी लता भुजंग समान।
गड्ढे भी थे कई पींड़ पर, थी चोटी तक लिपटी आन॥
लिपटे लता किसी वट से यदि, तो नहिं वह हरया पाता।
पर वह अति ऊँचा बढ़ करके, पट समान था अपनाता॥
सुन्दर तरु की शाखाओं पर, लाल पुष्प थे चारों ओर।
उन पर दिन भर मधु-मक्खी मिल, पक्षी गण करते थे शोर॥
जब सब जन निशि में निद्रा से, करते थे श्रम का अवसान।
तब बागीचे में होता था, अविरल, मधुर सुरीला गान॥

2 When first my casement is wide open thrown,
At dawn, my eyes delighted on it rest,
Sometimes, and most in winter, on its crest
A gray baboon sits statue-like alone
Watching the sunrise; while on lower boughs,
The puny offspring leap about and play,
And far and near kokilas hail the day;
And to their pastures wend our sleepy cows;
And in the shadow, on the broad tank cast;
By that hoar Tree so beautiful and vast,
The water-lilies spring like snow enmassed.

२ प्रातःकाल हमारी खिड़की, खोली जब जब जाती थी।
तब तब पहिले दृष्टि हमारी, वट पर ही पड़ जाती थी॥
कभी कभी—पर शीत-काल में, भूरा बन्दर आता था।
बैठ अकेला चोटी पर वह, मूर्ति समान दिखाता था॥
सूर्योदय की बाट जोहता, बाल-कीश उछलें डोलें।
कोयल भी निज मधुर तान से, प्रातःकाल स्वागत बोलें॥
तरु-तल से अलसानी गाएँ, चरागाह जाती दिखतीं।
वट की छाया विस्तृत सर पर, अति रमणीय जान पड़तीं॥
उसके नीचे श्वेत-कमल खिल, अति ही सुन्दर दिखते थे।
हिम-ढेले से हमें सभी वे, श्वेत श्वेत लख पड़ते थे॥

3 But not because of its magnificence,
Dear is the Casuarina to my soul;
Beneath it we have played; though years
may roll,

O sweet companions, loved with love intense,
For your sakes shall the Tree be ever dear ?
Blent with your images, it shall arise.
In memory, till the hot tears blind mine eyes ?
What is that dirge-like murmur that I hear
Like the sea breaking on a shingle-beach?
It is the Tree's lament, an eerie speech,
That haply to the unkown land may reach.

३ नहीं प्यार करने का कारण—इस तरु का ऊँचापन है।
"खेलीं पहिले संग सहेली", यही प्यार का कारण है॥
हे प्यारी पहिले की सखियो ! समय याद वह आता है।
बह चलती है धार अश्रु की, पूर्व दृश्य खिंच जाता है॥
ओह ! भला क्या सिन्धु-नाद सा, घर घर घर घर सुन पड़ता।
भास यही होता है मुझ को, जलधि कूल से टकराता॥
हा ! यह तो इस पादप का ही, शोक-नाद सन्ताप सुना।
भीषण भाषण शायद इसका, रहे न पहुँचे स्वर्ग बिना॥

4 Unknown, yet well-known to the eye of faith ?
Ah, I have heard that wail far, far away,
In distant lands, by many a sheltered bay,
When slumbered in his cave the water-wraith
And the waves gently kissed the classic shore.
Of France or Italy, beneath the moon,

When earth lay tranced in a dreamless swoon
And every time the music rose, before
Mine inner vision rose a form sublime,
Thy form, O Tree, as in my happy prime,
I saw thee, in my own loved native clime.

४ प्रेम नहीं जिसका सच्चा है, स्वर्ग उसे अज्ञात रहा।
पर सच्चे प्रेमी जन को तो, स्वर्ग सदा ही ज्ञात कहा॥
आह! यही सन्ताप-नाद तो, सुना दूर उपसागर में।
सोते थे जब सिन्धु-प्रेत-गण, गुफा-मध्य वे सागर में॥
टकराती थीं जलधि तरंगें, इटली और फ्रांस-तट पर।
पूर्ण चन्द्रमा नभ-मण्डल में, रहता था अति मुसका कर॥
भू-तल पर के सारे प्राणी, निद्रा-वश सोने लगते।
वही मधुर संगीत हमारी, दृष्टि-तले नचने लगते॥
ऐ विशाल वट तेरी मूरत, वैसी ही अब भी दिखती।
जैसी प्यारी जन्म-भूमि में, मनहारी अति थी दिखती॥

5 Therefore I fain would concerate a lay
Unto thy honour, Tree beloved of those
Who now in blessed sleep, for aye, repose,
Dearer than life to me, alas ? were they ?
Mayst thou be numbered when my days are
done
With deathless trees—like those in Borrow-
dale
Under whose awful branches lingered pale
'Fear, trembling Hope, and Death, the ske-
leton,

And Time, the shadow', and though weak
 the verse
That would thy beauty fain, oh fain rehearse,
May Love defend thee from Oblivion's curse.

*Toru Dutt*

५ करती हूँ मैं तुझे समर्पण, ऐ! वट खुश हो कविता एक।
प्रिय मित्रों को था अति प्यारा, सोए हैं जो स्वर्ग अनेक॥
मरने के पश्चात् हमारे, गौरव तेरा बना रहे।
जैसे 'बारोडेल' सु-वट अति, सदा अमर अरु घना रहे॥
जिसकी भीषण शाखाओं के, नीचे पोली कँपती हुई।
आशा, मृत्यु, काल, तन पिंजर, की इक छाया दिखती हुई॥
हैं असमर्थ छन्द ये मेरे, वर्णन तेरा करने में।
पर-विश्वास मुझे पूरा है, होगा अमर विसरने में॥

—तरुदत्त

## ABOU BEN ADHEM AND THE ANGEL

1 ABOU BEN ADHEM (may his tribe in-
 crease)
Awoke one night from a deep dream of
 peace,
And saw, within the moonlight in his
 room,
Making it rich and like a lily in bloom,
An angel writing in a book of gold.—

Exceeding peace had made Ben Adhem bold,
And to the presence in the room he said,
"What writest thou" ?—The vision raised its head,
And with a look made of all sweet accord
Answered, "The names of those who love the Lord".
"And is mine one ?" said Abou. "Nay, not so",
Replied the Angel. Abou spoke more low,
But cheerly still, and said, "I pray thee then,
Write me as one that loves his fellow-men",
The Angel wrote, and vanish'd. The next night
It came again with a great wakening light,
And show'd the names whom love of God had bless'd,
And lo ? Ben Adhem's name led all the rest.

*Liegh Hunt*
(1784 to 1859)

## अबू बिन आदम और देवदूत

१ एक रात अबू बिन आदम, घोर स्वप्न में जाग पड़े।
देखा जब कमरे को अपने, हुए महाशय चकित बड़े॥

शुभ्र चन्द्रिका की आभा से, सारा कमरा व्याप्त हुआ।
चमक दमक कमरे की मानों, खिला कमल है प्राप्त हुआ॥
एक ओर को एक फरिश्ता, लिखता था कुछ अपने आप।
स्वर्ण सरीखे रँग की पुस्तक, लेकर बैठा था चुपचाप॥
अधिक शान्ति ने बिन आदम को, पूर्ण साहसी बना दिया।
"लिखता है तू यह क्या भाई" बिन आदम ने प्रश्न किया—
दिया दूत ने उत्तर झट से, "लिखता हूँ मैं उनके नाम—
रखते हैं जो प्रेम ईश से, है यह प्रतिदिन मेरा काम"॥
अब्बू ने तब फिर से पूँछा, क्या मेरा भी नाम लिखा ?
उत्तर में—'ना' सुनकर उनको, मात्र एक अवलम्ब दिखा॥
विनय सहित अति प्रेम-भाव से, बिन आदम फिर से बोले—
"करते हों जो प्यार नरों से", उसी जगह मुझको लिखले॥
लिख कर उनका नाम दूत फिर, झटपट अन्तर्द्धान हुआ।
विमल ज्योति से अगली निशि में, दूत पुनः अवतीर्ण हुआ॥
लगा दिखाने नाम अबू को, जिन पर प्रभु का प्यार हुआ।
सर्वप्रथम था नाम अबू का, पढ़ कर अति आनन्द हुआ॥

—ले० हण्ट

---

## THE GRAVES OF A HOUSEHOLD

1 They grew in beauty, side by side,
They filled one home with glee;
Their graves are severed far and wide
By mount, and stream and sea.

# एक कुटुम्ब का भिन्न भिन्न मरण-स्थान

१ इन बच्चों का जीवन सँग, में, फूल तुल्य था खिला हुआ।
एक साथ रहने के कारण, सुख मय गृह था बना हुआ॥
किन्तु हाय उन प्रिय बच्चों का, पृथक पृथक थल मरण हुआ।
विकट जलधि वा निकट गिरों के, या सरिता ही शरण हुआ॥

2 The same fond mother bent at night;
O'er each fair sleeping brow ;
She had each folded flower in sight—
Where are those dreamers now ?

२ प्रेमी माता निशि में उनके, निद्रा संयुत शीशों पर।
हो आनन्दित चुम्बन करती, प्रेम सहित नीचे झुक कर॥
जिसकी आँखों के सम्मुख, कलियों सम बच्चे सोए।
हाय! हृदय के टुकड़े मेरे, आज कहाँ तुम हो खोए॥

3 One midst the forests of the West,
By a dark stream, is laid—
The Indian knows his place of rest
Far in the cedar-shade.

३ अन्तर्गत उत्तर अमेरिका, सघन जंगली सरिता-तीर!
ढँकी हुई वन वृक्षों से जो, मरा एक बच्चा पा पीर॥
अमेरिका के मूल निवासी, उसका पता बताते हैं।
"सीडर" वृक्षों के जंगल में, उसकी कबर दिखाते हैं॥

4. The sea, the blue lone sea, hath one—
He lies where pearls lie deep ;

He was the loved of all, yet none
O'er his low bed may weep.

४ अतल जलधि में बच्चा मेरा, था द्वितीय जल मग्न हुआ।
परिचित लोगों को अति प्रिय था, हृदय उन्हीं का भग्न हुआ॥
उस समाधि के आस पास में, मोती बहु पाए जाते।
कोई भी उस समाधि पर दुख, कभी नहीं दरशा पाते॥

5 One sleeps where southern vines are dressed
Above the noble slain ;
He wrapt his colours round his breast
On a blood-red field of spain.

५ एक पुत्र का मरण हुआ था, स्पेन देश के दक्षिण में।
जहाँ प्रसिद्ध वीर सोए हैं, उस रण-चण्डी उपवन में॥
उस बच्चे के मरने पर हा! झण्डे का ही कफन किया।
अच्छी तरह लपेट उसी में, युद्ध-स्थल में दफन किया॥

6 And one—O'er her the myrtle showers
Its leaves, by soft winds fanned ;
She faded midst Italian flowers—
The last of that bright band.

६ हाय! एक मेरी पुत्री का, इटली में था मरण हुआ।
वायु-वेग से पत्ते हिलते, मँहदी-तरु-तल कबर हुआ॥
उस प्यारी सुन्दर बेटी का, इटली के पुष्पों-जैसा।
कुम्हला कुम्हला मरण हुआ, निर्दयी विधाता है कैसा॥

7 And parted thus they rest, who played
Beneath the same green tree ;

Whose voices mingled as they prayed
Around one parent knee !

७ उसी लहलहे तरु के नीचे, मिलकर खेला सदा किए।
हाय आज वे पृथक पृथक हो, सदा काल को बिदा हुए॥
सदा जनक जननी-छाया में, अति हिल मिल कर रहते थे।
एक साथ मिलकर इक स्वर में, ईश-बन्दना करते थे॥

8 They that with smiles lit up the hall,
And cheered with song the hearth—
Alas for love ! if thou wert all,
And nought beyond, O Earth !

*Felicia Hemans*
(1793 to 1835)

८ मधुर मन्द मृदु मुसकाहट में, सारा गृह खिल जाता था।
उनका जीवन सुखी गीत-सम, प्रेम प्रमोद बढ़ाता था॥
मिलने की यदि भला स्वर्ग में, आशा-डोर न यों होती।
तो शायद इस भूतल पर भी, कदर प्रेम की क्यों होती॥
—एफ० हेमन्स

---

## THE BURIAL OF SIR JOHN MOORE AT CORUNNA

1 Not a drum was heard, not a funeral note,
As his corpse to the rampart we hurried ;
Not a soldier discharged his farewell shot
O'er the grave where our hero we buried.

## सर जान मूर का दफ़न

१ उठा लाश ले चले शीघ्र हम, गढ़ी तरफ दीवालों तक।
किया किसी ने नहीं ढोल-रव, हुआ न शोक-नाद अब तक॥
किया दफन जिस जगह वीर को, दी न सलामी तोपों की।
नहीं साथियों ने मिल कर भी, रीति समेत बिदाई की॥

2 We buried him darkly at dead of night,
The sods with our bayonets turning,
By the struggling moon beam's, misty light,
And the lantern dimly burning.

२ हमने अपनी संगीनों से, घास युक्त धरती खोदी।
अर्द्ध रात्रि के अन्धकार में, लाश वीर की दफना दी॥
खुदे हुए फिर ढेले लेकर, लाश वीर की ढाँकी थी।
चन्द्र-ज्योति धुँधली सी ही थी, बत्ती धीमी जलती थी॥

3 No useless coffin enclosed his breast,
Not in sheet nor in shroud we wound him;
But he lay like a warrior taking his rest,
With his martial cloak around him.

३ कफ्फन में ना लाश लपेटी, और न रक्खी अर्थी में।
किन्तु, वीर-विश्राम हेतु सम, रक्खा फौजी वर्दी में॥

4 Few and short were the prayers we said,
And we spoke not a word of sorrow;
But we steadfastly gazed on the face of the dead,
And we bitterly thought of the morrow.

४ पढ़ी गई संक्षेप प्रार्थना, शोक युक्त कुछ ना बोले।
अगले दिन का चिन्तन करके, खड़े रहे सब दृग खोले ॥

5 We thought, as we hollow'd his narrow bed,
And smoothed down his lonely pillow,
That the foe and the stranger would tread o'er his head,
And we far away on the billow.

५ जब समाधि हम खोद रहे थे, करते थे सिर रखने सम।
यही सोच था कहीं अचानक, शत्रु न आकर रखें कदम ॥

6 Lightly they'll talk of the spirit that's gone;
And o'er his cold ashes upbraid him;
But little he'll reck, if they let him sleep on
In the grave where a Briton has laid him.

६ वे उसकी स्वर्गीय आतमा, का अपमान करेंगे सब।
मिट्टी पर भी दूषण देंगे, चिंता क्या उसको है तब?
जब तक दुश्मन उसे शान्ति से, सोने देंगे भू-भीतर।
जहाँ ब्रिटिश सर्दारों ने मिल, गाड़ा उसको आदर कर ॥

7 But half of our heavy task was done,
When the clock struck the hour for retiring,
and we heard the distant and random gun
that the foe was sullenly firing.

७ दफन-क्रिया आधी हो पाई, घड़ी कूच करने कहती।
सुना शत्रु का तोप-नाद भी, वे निशान जो थी दगती ॥

8 Slowly and sadly we laid him down;
From the field of his fame, fresh and gory,

We carved not a line, and we raised not a
    stone,
But we left him alone in his glory.

*C. Wolfe*
(1791 to 1823)

८ उस यशस्विनी युद्ध-भूमि से, लाए ताजा लहू लुहान।
शोक युक्त धीरे से उसको, दिया कब्र में हा! स्थान॥
लेख लिखा कुछ नहिं समाधि पर, नहीं कोई गाड़ा पत्थर।
केवल उसकी नामवरी ही, को समझा सबसे बहतर॥
—सी० वॉल्फ

---

## THE INCHCAPE ROCK

1 No stir in the air, no stir in the sea,
The ship was still as she could be,
Her sails from heaven received no motion,
Her keel was steady in the ocean.

## इञ्चकेप-चट्टान

१ पूर्ण प्रशान्त जलधि अतिशय था, नहीं वायु की हलचल थी।
था अति सु-स्थिर पोत हमारा, सतह जलधि पर अविचल थी॥
2 Without either sigh or sound of their shock ;
The waves flow'd over the Inchcape Rock ;
So little they rose, so little they fell,
They did not move the Inchcape Bell.
२ अति लघु लहरें उठ उठ करके, "इञ्चकेप" से टकरातीं।
नहीं शब्द, चिन्हित करती थीं, घंटा तक न हिला पातीं॥

3 The good old Abbot of Aberbrothock,
Had placed that bell on the Inchcape Rock ;
On a buoy in the storm it floated and swung,
And over the waves its warning rung.

३ "ऐबर ब्राथक" ग्राम-निवासी, वृद्ध महन्त सभ्य था एक।
उतराने वाले लङ्गर से, घण्टा जिसने बाँधा एक॥
तूफानी लहरों से लङ्गर, हिल-डुल कर करता जब ज़ोर।
यात्रि जनों का भय सूचक हो, घण्टा करता था तब शोर॥

4 When the rock was hid by the surge's swell,
The mariners heard the warning bell ;
And then they knew the perilous rock,
And blessed the good Abbot of Aberbrothock.

४ लहरों से ढँकती वह माँझी—सुनते तब रव घण्टा-जन्य।
इंचकेप-चट्टान निकट लख, कहते वे महन्त को धन्य॥

5 The sun in heaven was shining gay,
All things were joyful on that day,
The sea-birds scream'd as they wheel' around,
And there was joyance in their sound.

५ सभी वस्तुएँ सुन्दर दिखतीं, सूरज पूर्ण प्रकाशित था।
सिन्धु विहङ्गों का मण्डल भी, करता हर्ष प्रदर्शित था॥

6 The buoy of the Inchcape Bell was seen,
A darker speck on the ocean green,
Sir Ralph the Rover walked his deck,
And He fixed his eye on the darkr speck.

६ इंचकेप-घंटे का लंगर, हरित जलधि पर था काला।
'राल्फ' नाम के चतुर लुटेरे, ने उसको देखा-भला॥

7 He felt the cheering power of spring ;
It made him whistle, it made him sing ;
His heart was mirthful to excess—
But the Rover's mirth was wickedness.

७ ऋतु वसन्त की सत्ता पाकर, डाकू अधिक प्रमोदित था।
कभी कभी सीटी देता था, कभी मस्त हो गाता था ॥
मन उसका अत्यन्त प्रफुल्लित, करता था सूचित यह बात—
कठिन क्रूरता भरी हुई है, पर था प्रमुदित उसका गात ॥

8 His eye was on the Inchcape float ;
Quoth he, "My men, put out the boat,
And row me to the Inchcape Rock ;
And I'll plague the Abbot of Aberbrothock".

८ 'इंचकेप' पर दृष्टि जमी थी, बोला—"खोलो किश्ती को"।
इंचकेप पर पहुँच सताऊँ, 'ऐबर ब्राथक' के ऋषि को ॥

9 The boat is lowered, the boatmen row,
And to the Inchcape Rock they go ;
Sir Ralph bent over from the boat,
And he cut the bell from the Inchcape float.

९ डोंगी झट नीचे डाली तब, माँझी लाए निकट चटान।
दुष्ट रॉल्फ ने झुक कर घण्टा, काटा लंगर से झट आन ॥

10 Down sunk the bell with a gurgling sound,
And the bubbles rose and burst around ;
Quoth Sir Ralph, "The next who comes to the rock
Won't bless the Abbot of Aberbrothock."

१० गड़ गड़ाट की ध्वनि कर घंटा, पानी में झट डूब गया।
उठे चतुर्दिक सत्वर बुद्बुद्, एक एक कर फूट गया॥
तब प्रसन्न हो कहा रॉल्फ ने, यहाँ यात्रि जो आवेंगे—
उनसे 'एबर ब्राथक-ऋषि' अब, धन्यवाद नहिं पावेंगे॥

11 Sir Ralph the Rover rowed away,
He scoured the seas for many a day;
And now grown rich with plundered store
He steers his course for Scotland's shore.

११ रॉल्फ नाम का तब वह डाकू, झट जहाज पर लौट गया।
लूट मार कर हो धनशाली, स्काटलेण्ड को पलट गया॥

12 So thick a haze o'erspreads the sky,
They cannot see the sun on high;
The wind hath blown a gale all day,
By evening it had died away.

१२ अति कुहरे से घिर नभ रवि कर, देती नहीं दिखाई थी।
तीव्र पवन भी चली दिवस भर, सन्ध्या तक रुकपाई थी॥

13 On the deck the Rover takes his stand,
So dark it is they see no land,
Quoth Sir Ralph, "It will be lighter soon,
For there is the dawn of the rising moon."

१३ हुआ खड़ा तख्ते पर 'रोवर', अति अँधियारी छाई थी।
धरती भी ना दिखती उसको,—आशा यही लगाई थी—
आतुर होकर कहा रॉल्फ ने—"शीघ्र उजेला होता है—
चन्द्रोदय सा प्रतीत होता, अन्धकार कम होता है"॥

14 "Can'st hear," said one, "the breakers roar?
For methinks we should be near the shore,"
"Now where we are I cannot tell;
But I wish I could hear the Inchcape Bell".

१४ कहा किसीने—"सुना न क्या रव, होता लहरों का तट-पास।
यही विदित मुझको होता है, आ पहुँचे हम तट के पास॥
हैं हम कहाँ? नहीं कह सकता, यही एक इच्छा करता—
इंचकेप-घण्टे का हा! मैं, शब्द भला क्या सुन सकता?"

15 They hear no sound, the swell is strong;
Though the wind hath fallen, they drift along,
Till the vessel strikes with a shivering shock.
"Mercy! it is the Inchcape Rock."

१५ कोई शब्द नहीं सुन पड़ता, लहरों की थी भीषण बाढ़।
यदपि वायु थी मन्द हुई पर—वे खेते जाते थे डाढ़॥
खाया अति धक्का जहाज ने, काँप गया—हो रहे अवाक।
"हे ईश्वर अब शीघ्र दया कर, है यह 'इंचकेप' की रॉक॥"

16 Sir Ralph the Rover tore his hair,
And beat his breast in his despair;
The waves rush in on every side,
And the ship sinks down beneath the tide.

१६ तब अधीर हो दुष्ट रॉल्फ ने, छाती पीटी नोंचे बाल।
था निराश लहरें चढ़ आइं, डूब जहाज़ गया तत्काल॥

17 But even in his dying fear,
One dreadful sound the Rover hear,

Sound as if with the Inchcape Bell,
The fiends below were ringing his knell.

*Southey*
(1774 to 1843)

१७ लेकिन रोवर अन्त समय में, करता था हा ! यह अनुमान।
एक नारकी कर घण्टा-ध्वनि, कहता-"रॉल्फ हुआ अवसान"॥
—सौदे

---

## FIDELITY

1 A Barking sound the Shepherd hears,
A cry as of a dog or fox ;
He halts—and searches with his eyes
Among the scattered rocks,
And now at distance can discern
A stirring in a brake of fern ;
And instantly a dog is seen,
Glancing through that covert green.

## स्वामि-भक्ति

१ धीमी थी आवाज़ पास ही में, रोता था कोई श्वान।
निकट लोमड़ी या कुत्ता है, किया गड़रिए ने अनुमान॥
थोड़ी देर ठहर कर उसने, चट्टानों में खोजा जब।
निकट कटीली झाड़ी भीतर, कुत्ता बैठा पाया तब॥
करता था हलचल झाड़ी में, छिपा हुआ रह रह कर शोर।
देख रहा था झाड़ी में से, कुत्ता अपने चारों ओर॥

2 The Dog js not of mountain breed ;
Its motions, too, are wild and shy ;
With something, as the Shephered thinks,
Unusual in its cry ;
Nor is there any one in sight
All round, in hollow or on height ;
Nor shout, nor whistle strikes his ear ;
What is the creature doing here ?

२ केवल ढङ्ग जंगली था, वह कुत्ता नहीं पहारी था।
करता शब्द अनोखा था, वह भड़कीला भी भारी था॥
नहीं अन्य दिखता था कोई, उस घाटी में चारों ओर।
नहिं कोई सीटी देता था, नहिं कोई करता था शोर॥

3 It was a cove, a huge recess,
That keeps till June, December's snow ;
A lofty precipice in front,
A silent tarn below !
Ear in the bosom of Helvellyn,
Remote from public road or dwelling,
Pathway, or cultivated land ;
From trace of human foot or hand.

३ एक बड़ी खाड़ी थी आश्रय, पड़ता जहाँ बर्फ भरपूर।
माह दिसम्बर का हिम सारा, रहता अन्त जून तक पूर॥
उस खाड़ी के ठीक सामने, ऊँची थी भारी चट्टान।
नीचे जिसके बहता झरना, श्रम का करता था अवसान॥
गिरि 'हलवलिन' मध्य यह थल, जो बस्ती से अति ही था दूर।
पगडण्डी भी नहीं निकट थी, खेतों से भी वह था दूर॥

नहिं कोई नर वहाँ गया था, थे न किसी के वहाँ निशान।
हाथ पैर के नहीं चिन्ह थे, होता जिससे कुछ अनुमान॥

4 There sometimes doth a leaping fish
Send through the tarn a lonely cheer ;
The crags repeat the raven's croak,
In symphony austere ;
Thither the rainbow comes—the cloud—
And mists that spread the flying shroud ;
And sunbeams : and the sounding blast,
That, if it could, would hurry past ;
But that enormous barrier holds it fast.

४ उछल उछल कर जल में मछलीं, खुश हो करती थीं आवाज।
पर निर्जन चट्टान प्रान्त में, थी उनकी कोरी आवाज॥
एक काक की प्रतिध्वनि होती, करता था जल कल कल नाद।
इन्द्र-धनुष का वहाँ दृश्य था, करते बादल अविकल नाद॥
वायु-वेग से कुहरा भारी, आगे बढ़ता जाता था।
सब चीजों को ढँके हुए था, नहीं दृष्टि कुछ आता था॥
रवि-किरणें थीं वहाँ चमकतीं, वायु-वेग से चलती थी।
पर चट्टान उसे छेड़ कर, नहीं भागने देती थी॥

5 Not free from boding thoughts, a while
The shepherd stood ; then makes his way
O'er rocks and stones, following the Dog
As quickly as he may ;
Nor far had gone before he found
A human skeleton on the ground ;

The appalled Discoverer with a sigh
Looks round, to learn the history.

५ खड़ा रहा हो चकित गड़रिया, सभय विचारों में अति डूब।
फिर कुत्ते के पीछे दौड़ा, चट्टानों पर से वह खूब॥
थोड़ी दूर दौड़ कर उसने, देखा नर-तन-पंजर एक।
पड़ा हुआ जो भू-तल पर था, मन में करने लगा विवेक॥
शीतल श्वास खींच फिर उसने, असल हाल प्रकटाने को।
देखा चारों ओर शीघ्र ही, निज सन्देह मिटाने को॥

6 From those abrupt and perilous rocks
The man had fallen, that place of fear!
At length upon the Shepherd's mind
It breaks, and all is clear;
He instantly recalled the name,
And who he was, and whence he came;
Remembered, too, the very day
On which the traveller passed this way.

६ अधिक निरीक्षण करने पर तब, जाना उसने सच्चा हाल।
विषम भूमि चट्टान युक्त थल, हुआ पथिक का है यह काल॥
किया याद उसने यह भी तब, कौन यात्री निकला था।
कहाँ वास करता था वह जन, कौन दिवस को आया था॥

7 But hear a wonder, for whose sake
This lamentable tale I tell!
A lasting monument of words
This wonder merits well.

The dog, which still was hovering nigh,
Repeating the same timid cry,
This Dog, had been through three months' space
A dweller in that savage place.

७ लेकिन है आश्चर्य यही बस—जिससे यह आख्यान लिखा।
बात याद रखने लायक है, सदा यही अनिवार्य दिखा॥
अब तक कुत्ता निकट लाश के, चक्कर मारा करता था।
तीन माह से निर्जन थल में, रो रो कर दिन भरता था॥

8 Yes, proof was plain that, since the day
When this ill-fated Traveller died,
The Dog had watched about the spot,
Or by his master's side ;
How nourished here through such long time
He knows, who gave that love sublime ;
And gave that strength of feeling, great
Above all human estimate.

*Wordsworth*
(1770 to 1850)

८ इसमें कुछ सन्देह नहीं है, जब से यात्री मरा पड़ा।
स्वामी की रक्षा में कुत्ता, उसी जगह पर रहा खड़ा॥
क्या कुत्ते ने खाया अब तक, इसको तो ईश्वर जाने।
दी सहानुभूति जिसने यह, उसे मनुज क्या पहिचाने?
—वर्ड्सवर्थ

## THE TRUE IMPERIALISM

1 Here, while the tide of conquest rolls
Against the distant golden shore,
The starved and stunted human souls
Are with us more and more.

## सच्ची राज्य-सत्ता

१ दूर देश इंग्लैण्ड निवासी, धन-संचय हित जाते हैं।
अपनी विजय पताका को वे, ऊँची कर फहराते हैं॥
किन्तु स्वदेश वासियों की वे, तनिक नहीं परवा करते।
दिन पर दिन जो दरिद्रता में, कठिनाई से दिन भरते॥

2 Vain is your Science, vain your Art,
Your triumphs and your glories vain,
To feed the hunger of their heart
And famine of their brain.

२ व्यर्थ कला, विज्ञान तुम्हारा, व्यर्थ विजय वा व्यर्थ प्रताप।
नहीं दूर करते विमूढ़ता, क्षुधा-दाह का भीषण ताप॥

3 Your savage deserts howling near,
Your wastes of ignorance, vice, and shame,
Is there no room for victories here,
No field for deeds of fame ?

३ हाय ! तुम्हारे देश-निवासी, वन-पशु सम होते जाते।
क्षुधा-दाह से पीड़ित होकर, भूख भूख हैं चिल्लाते॥
कर विमूढ़तामय जीवन को, दुर्गुण को अपनाते हैं।
लज्जा जनक काम-काजों में, जीवन सदा बिताते हैं॥

4 Arise and conquer while ye can
The foe that in your midst resides,
And build within the mind of Man
The Empire that abides.

*W. Watson*

४ ऐ ! बहादुरो !! कमर कसो, अज्ञान-शत्रु जड़ से खोदो।
उनके शीघ्र अबोध हृदय पर, ज्ञान-राज्य कायम कर दो ॥
—डब्ल्यू० वाट्सन

---

## REQUIEM

1 Under the wide and starry sky
Dig the grave and let me lie ;
Glad did I live and gladly die,
And I laid me down with a will.

## मृत्यु-नाद

१ इस विस्तृत नभ के तारों के, नीचे मुझको दफनाओ।
बिलकुल शान्त पड़ा रहने दो, नहीं मुझे अब अपनाओ ॥
मैंने अपना जीवन सारा, सुखमय है सम्पूर्ण किया—
अब इच्छा से प्राण त्यागता, कब्र सहारा ढूंढ़ लिया ॥

2 This be the verse you grave for me ;
Here he lies where he longed to be ;
Home is the sailor, home from sea,
And the hunter home from the hill.

*R. L. Stevenson.*

२ यह कविता समाधि पर मेरी, अङ्कित करना मरने पर।
करता था इसका ही चिन्तन, रखा ध्येय था जीवन भर॥
माँझी सम जीवन-नौका खे, सत्यस्थल यों आता है।
जैसे व्याधा कर शिकार को, लौट स्वगृह को आता है॥

—आर० एल० स्टीवेन्सन

## SYMPATHY

1 I Lay in sorrow, deep distressed ;
My grief a proud man heard;
His looks were cold, he have me gold,
But not a kindly word,
My sorrow passed,—I paid him back
The gold he gave to me
Then stood erect and spoke my thanks,
And blessed his Charity.

## सहानुभूति

१ एक समय अति दुखित दशा में, पड़ा हुआ मैं लेटा था।
सुना एक अभिमानी ने दुख, पर उसका रुख रूखा था॥
एक स्वर्ण-मुद्रा दी उसने, पर न सान्त्वना किंचित् दी।
कुछ दुख हलका होते ही तब, मैंने मुद्रा लौटा दी॥
सीधा शीघ्र खड़ा हो मैंने, उसको आशीर्वाद दिया।
दी आशीस दान को उसके, जो था उसने दान किया॥

2 I lay in want, in grief and pain ;
A poor man passed my way ;
He bound my head, he gave me bread,
He watched me night and day.
How shall I pay him back again,
For all he did to me,
Oh, gold is great, but greater far,
Is heavenly Sympathy ?

*C. Maokey*

(1814 to 1889)

२ दुःख व्याधि ने अति ही मुझको पैसा-इच्छुक बना दिया।
इसके बाद एक साधारण, जन ने वहाँ प्रवेश किया॥
बाँधा मेरा मस्तक उसने, रोटी भी खाने धर दी।
कर परिचर्या उसने मेरी, मुझे शान्ति सब विधि कर दी॥
हा ! उसके उपकृत ऋण से मैं, उऋण भला क्या हो सकता ?
सहानुभाव से भी बढ़ करके, स्वर्ण भला क्या हो सकता ?

—सी० मेके

---

## "FEED THE POOR"

If thou would win the dear reward,
Which only virtue earns ;
Waste not thy wealth upon the lords
Who gifts for gifts return.
Not with the rich by treasures share ;
Give aid to those who need ;

And with the gold thy wants can spare,
The poor and hungry feed.
Be sure that those who would receive,
Deserve and crave thy care ;
And ponder, ere thy hands relieve,
The how, and when, and where.

*Grifith*

## गरीबों को पालो

यदि विश्व में बनना तुझे, सत्पात्र अङ्गीकार है।
तो एक सद्गुण मात्र ही, सच्चा सहायक सार है॥
मत व्यय करो निज द्रव्य को, धनवान् के आभार में।
जो द्रव्य से ही द्रव्य का, पलटा करे व्यवहार में॥
हैं पात्र—केवल दीन जन, कर दान उनके अर्थ में।
जो हैं दुखी भूखे विकल, बस—दान दे परमार्थ में॥
निश्चय यही रख तू सदा, "सत्पात्र होना चाहिए"।
पर ध्यान रख इसका—कहाँ ? कब ? दान देना चाहिए॥

—ग्रेफिथ

---

## THE SLAVE'S DREAM

1 Beside the ungathered rice he lay,
His sickle in his hand ;
His breast was bare, his matted hair
Was buried in the sand ;
Again, in the mist and shadow of sleep,
He saw his Native Land.

# गुलाम का सपना

१ बिना कटी ही धान—खेत ढिग, पड़ा हुआ वह सोता था।
कर में हँसिया दबा हुआ था, सीना सारा उघरा था॥
उलझे हुए बाल थे उसके, रेत-राशि में मग्न हुए।
उसको अपनी इसी दशा में, जन्म-भूमि के स्वप्न हुए॥

2 Wide through the landscape of his dreams
The lordly Niger flowed ;
Beneath the palm-trees on the plain
Once more a king he strode,
And heard the tinkling caravans
Descend the mountain-road.

२ स्वप्नावस्था में ही उसने, 'नाईजर' सरिता देखी।
चला ताड़-वृक्षों के तल से, राजा बन करता शेखी॥
सुना नाद 'टुन' 'टुन' का उसने, शुतुर-काफिलेवालों का।
उतर रहा था जो घाटी से, लेकर आश्रय भालों का॥

3 He saw once more his dark-eyed queen
Among her children stand ;
They clasped his neck, they kissed his cheeks,
They held him by the hand—
A tear burst from the sleeper's lids,
And fell into the sand.

३ श्याम नेत्र वाली रानी को, खड़ी हुई बच्चों के बीच।
प्रेम विकल हो देखी उसने, लिया हाथ सब ही ने खींच॥
गल-बाहें भी डालीं उसके, मुख को सबने चूम लिया।
सुप्त दास ने आँसू दृग से, रेणु-भूमि पर डाल दिया॥

4 And then at furious speed he rode
Along the Niger's bank ;
His bridle-reins were golden chains,
And, with a martial clank,
At each leap he could feel his scabbard of steel
Smiting his stallion's flank.

४ फिर इसके पश्चात् चला वह, अश्वारोही बन कर वीर।
थी लगाम सोने की उसकी, चला चपल हो सरिता-तीर॥
प्रति छलाङ्ग पर वह फ़ौजी वत्, निज असि का सुनता था नाद।
जब जब उसकी म्यान बगल से, टकराती होता था नाद॥

5 Before him, like a blood-red flag,
The bright flamingoes flew ;
From morn till night he followed their flight,
O'er plains where the tamarind grew,
Till he saw the roofs of Caffre huts,
And the ocean rose to view.

५ लाल रंग के झण्डे के सम, 'फ्लेमिङ्गो' उड़ते सब ओर।
सन्ध्या तक पीछा कर उनका, आया घास युक्त थल ओर॥
उस थल पर उसने अति छोटी कुटी काफ़िरों की देखीं।
महा-सिन्धु भी देखा उसने, लहराती लहरें देखीं॥

6 At night he heard the lion roar,
And the hyena cream ;
And the river-horse as he crushed the reeds
Besides some hidden stream ;

And it passed, like a glorious roll of drums,
Through the triumph of his dream.

६ सुनी रात्रि को सिंह-गर्जना, था शृगाल करता आवाज।
दरयाई घोड़ा भी देखा, निकट स्रोत करता आवाज॥
स्वप्नावस्था में सब उसको, हुई ज्ञात ऐसी आवाज।
जैसे विजय-दुन्दुभी बजकर, करती हो भारी आवाज॥

7 The forests, with their myriad tongues,
Shouted of liberty
And the blast of the Desert cried aloud,
With a voice so wild and free,
That he started in his sleep and smiled
At their tempestuous glee.

७ लाखों जिह्वा द्वारा जंगल, करता था स्वतन्त्रता-नाद।
मरुस्थली की पवन वेग युत, थी करती स्वतन्त्रता नाद॥
इस कारण वह अधिक शीघ्र ही, मरु पर से था जाग उठा।
सपने की स्वतन्त्रता ही पर, मनही मन मुसकुरा उठा॥

8 He did not feel the driver's whip,
Nor the burning heat of day ;
For Death had illumined the Land of Sleep,
And his lifeless body lay
A worn-out fetter that the soul
Had broken and thrown away.

*H. W. Longfellow*
(1807 to 1882)

८ मालिक के कोड़ों की उसको, नहीं तनिक परवाह हुई।
गर्म सूर्य की किरणों से भी, उसे न किंचित आह हुई।

कठिन काल ने उसको पूरा, बस स्वतन्त्र कर दिया अहा।
मृत शरीर ही केवल उसका, रेणु-भूमि पर पड़ा रहा॥
देह पुरानी बेड़ी सम अति, जिसमें कैद आतमा थी।
बन्धन को कर छिन्न किसी विधि, हो स्वतन्त्र झट भागी थी॥
—एच० डब्ल्यू० लाँगफेलो

---

## THE DAFFODILS

1 I Wandered lonely as a cloud
That floats on high o'er vales and Hills,
When all at once I saw a crowd,
A host, of golden Daffodils,
Beside the lake, beneath the trees,
Fluttering and dancing in the breeze.

## नरगिस का फूल

१ बादल ज्यों उड़ते फिरते हैं, शैल-गुफाओं के ऊपर।
उसी भाँति मैं भी एकाकी, फिरता था निर्जन भू पर॥
पड़ी अचानक दृष्टि हमारी, सभी सुनहले पुष्पों पर।
झील-किनारे, वृक्षों-नीचे, झूम रहे थे विटपों पर॥
नरगिस-वृक्ष लगे अति सुन्दर, पा समीर का प्रबल प्रवाह।
हिलते डुलते लहराते थे, करते नृत्य बढ़ा उत्साह॥

2 Continuous as the stars that shine
And twinkle in the milky way,
They stretched in never-ending line
Along the margin of a bay :

Ten thousand saw I at a glance
Tossing their heads in sprightly dance.

२ आभा युक्त सितारों के सम, चमक रहे थे वे मानो।
उनकी उज्ज्वल तम आभा को, आकाशी गंगा जानो॥
दृष्टि जहाँ तक दौड़ाता था, दिखते थे वे ही हमको।
एक दृष्टि में उसी किनारे, दस हज़ार पाया उनको॥
अपने सुन्दर मस्तक लो वे, अति आनन्दित हो होकर।
उछल उछल कर ऊँचे करते, कूद रहे थे खुश होकर॥

3 The Waves beside them danced, but they
Out-did the sparkling waves in glee.—
A poet could not but be gay
In such a jocund company !
I gazed—and gazed—but little thought
What wealth the show to me had brought ;

३ यद्यपि चमकीली लहरें भी, पुष्प निकट लहराती थीं।
पर, पुष्पों की चमक दमक से, लज्जित हो झुक जाती थीं॥
इस अवसर पर भला सु-कवि क्या, अपना धर्म चूक सकता ?
बार बार अवलोक उन्हें मैं, मन में यह निश्चय करता॥
मुझे प्रकृति से कितनी सम्पति, मिल सकती है इस ढँग से ?
इससे भी क्या अधिक प्राप्य है, मिल सकती जो इस रँग से॥

4 For oft, when on my couch I lie
In vacant or in pensive mood,
They flash upon that inward eye
Which is the bliss of solitude ;

And then my heart with pleasure fills,
And dances with the daffodils.

*Wordsworth*
(1770 to 1850)

४ अक्सर जब विस्तर पर अपने, सुस्त हुआ पड़ रहता हूँ।
तब तो अपने हृदय पटल पर, यही दृश्य रख लेता हूँ॥
अत: अकेले में भी मुझ को, सच्चा सुख होने लगता।
मन भी अति प्रसन्न होता है, नरगिस सम नचने लगता॥
—वर्ड्सवर्थ

---

## TO DAFFODILS

1 Fair Daffodils, we weep to see,
You haste away so soon,
As yet the early-rising Sun,
Has not attained his noon.
Stay, stay,
Until the hasting day
Has run
But to the evensong ;
And, having prayed together, we
Will go with you along.
We have short time to stay, as you,
We have as short a spring ;
As quick a growth to meet decay
As you, or anything.

We die,
As your hours do, and dry
Away
Like to the summer's rain ;
Or as the pearls of morning's dew,
Never to be found again.

*R. Herrtik*
(1591 to 1674)

## नरगिस-पुष्प

१ ऐ ! नरगिस के पुष्प, शीघ्र लख नाश तुम्हारा।
होता है अति विकल, विरह से हृदय हमारा॥
उदित हुआ जो सूर्य, शीघ्र गामी कहलाता।
दर्शाता नभ-मध्य अस्त, नहिं वह हो पाता॥
प्रिय ! देखो वह सूर्य, नहीं है अस्ताचल पर।
सन्ध्या तक तो ठहरो, मेरे साथ अवनि पर॥
हम तुम सन्ध्या समय, ईश-गुण-गान करेंगे।
प्रिय वर तत्पश्चात्, आप के साथ चलेंगे॥
अमित स्वल्प जिमि युवा-काल होता है तेरा।
ऐसा ही प्रिय बन्धु नाश होता है मेरा॥
अथवा ज्यों जल-बूँद, ग्रीष्म में है उड़ जाती।
किम्बा मोती तुल्य, ओस नहिं मिलने पाती॥

—आर० हेरक

## "FREEDOM"

1 Away, with the sorrowful brow,
From now on I am bright and courageous,
Over all whirlpools, abysses and precipices ;
The Angle of Freedom has flown ;
Over every peasant hut is hopeful dream.

## स्वतन्त्रता

१ दुखित भाग्य से मुक्त हुआ, अब धैर्य, तेज प्रवेश हुआ।
खाड़ी भँवर आदि सब थल में, देव-दूत-सन्देश हुआ ॥
ग्राम्य-स्वतन्त्र कुटीरों पर नित, संवेदन समीर बहता।
तुच्छ झोपड़े वालों को अब, आशाप्रद सपना दिखता।

2 Enough of suffering and bending !
Rise, beloved, in all your hight,
Behold the brightest dawn,
Has dissolved the darkness of night,
To be always sorrowful is not for you,
To you a bright road is due.

२ देश वासियो ! तुमने अति दुख, पराधीन रह सहन किया।
दास-शृङ्खला तोड़ उठो अब, उन्नति कर लो खोल हिया ॥
देखो प्रिय प्रभात आभा ने, तिमिर निशा को मिटा दिया।
हाँ, तुमने नहिं भाग्य-कोष में, सदा शोक ही जमा किया ॥
किन्तु, तुम्हारे सन्मुख वीरो ! वह भविष्य का सुन्दर मार्ग।
खुला हुआ है पूर्ण रूप से, सुख प्रद अति प्रशस्त वर मार्ग ॥

3 Not with the moans of my fathers
Shall my song resound,
But with force of thunder
It shall fly over the earth
Not as an inarticulate slave.
Continually cursing his life.
But as a free eagle
Will I sing my song.

३ मेरे इस सुन्दर गाने में, पूर्व जनों की करुणा-ध्वनि।
होगा नहिं दुखमय निनाद वह, निकलेगी नहिं वह प्रतिध्वनि ॥
किन्तु शक्ति वह ऐसी होगी, विद्युत् सम बढ़ जावेगी।
इस भूतल के कण कण में वह, हो प्रवेश चढ़ जावेगी ॥
नहीं दासता के बन्धन से, जकड़े हुए मूक चर सम।
धिक्कारें नहिं दुखमय जीवन, गरुड़ तुल्य गावेंगे हम ॥

4 Come out into the open fields,
Russia of mine, my beloved !
The executioners block and noose
Have disappeared from the field for ever.
Glory to those who feel for freedom,
For holy freedom.

४ मेरे प्यारे रूसी भाई ! क्यों झट नहीं कूद पड़ते।
अत्याचारी, दुष्टों के अब, लोप हुए रस्सी तख्ते ॥
रक्त-रञ्जिता रस्सी अब वे, प्राण-दण्ड के भी तख्ते।
इस स्थल से सदा काल को, दूर हुए हैं दिख पड़ते ॥
कीर्ति उन्हीं के लिए मिली है, रखी देश की जिनने शान।
बलि-वेदी पर शीस चढ़ाए, था जिनको जननी का मान ॥

## THE CUCKOO

1 O Blithe New-comer ! I have heard,
I hear thee and rejoice .
O Cuckoo ! shall I call thee bird,
Or but a wandering Voice ?

## कोयल

१ हे वसन्त-ऋतु-सूचक कोयल ! तेरा स्वागत करता हूँ।
तेरी सुन्दर तान सुनी जो, अब भी सुन मन भरता हूँ॥
क्या तुझको मैं पक्षी बोलूँ ? या केवल बहती आवाज।
कभी दूर जो सुन पड़ती है, कभी निकट आती आवाज॥

2 While I am lying on the grass
Thy twofold shout I hear ;
From hill to hill it seems to pass,
At once far off, and near.

२ कभी कभी मैं लेट घास पर, सुनता हूँ दुहरी आवाज।
एक पहाड़ी से दूजी तक, टकराती तेरी आवाज॥
कभी कभी वह एक साथ ही, दूर निकट सुन पड़ती है।
तेरे केवल दर्शन के हित, उत्सुकता मन बढ़ती है॥

3 Though babbling only to the Vale,
Of sunshine and of flowers,
Thou bringest unto me a tale
Of visionary hours.

३ औरों को तो तू घाटी में, "निस्पृहता से गाती है"।
सुन्दर दिन एवम् पुष्पों से, सज्जित समय बताती है॥
किन्तु मुझे तू बालक पन की स्वप्न तुल्य जो बात हुई।
याद दिलाती है तू उसकी, मीठे स्वर में प्राप्त हुई॥

4 Thrice welcome, darling of the Spring !
Even yet thou art to me
No bird, but an invisible thing,
A voice, a mystery.

४ है वसन्त-ऋतु ही मुझको प्रिय, तीन बार स्वागत आवाज।
पक्षी सम नहिं दिखती मुझको, किन्तु अलक्ष आगत आवाज॥

5 The same whom in my schoolboy days
I listened to ; that Cry
Which made me look a thousand ways
In bush, and tree; and sky.

५ मुझ को तो तू वही एक है, सुना छात्र-जीवन में नाद।
झाड़ी, पेड़, बाग अरु नभ में, खोज फिरा जंगल में नाद॥

6 To seek thee did I often rove
Through woods and on the green ;
And thou wert still a hope, a love ;
Still longed for, never seen !

६ तुझे खोजने को बहुधा मैं, हरियाली में था जाता।
किन्तु अभी तक हे प्रिय आशा ! बना रहा वह ही नाता॥
तेरे पाने की अभिलाषा, मन-मन्दिर में सदा रही।
किन्तु आज तक भी तू मुझको, दिखने से हा रहित रही॥

7 And I can listen to thee yet ;
Can lie upon the plain
And listen, till I do beget
That golden time again.

७ अब तक भी मैं लेट घास पर, हो प्रसन्न सुनता प्रिय नाद ।
जिससे मुझको बालकपन का, सुन्दर जीवन आता याद ॥

8 O blessed Bird ! the earth we pace
Again appears to be
An unsubstantial, fairy place ;
That is fit home for Thee !

*Wordsworth*
(1770 to 1850)

८ धन्य भाग है सुन्दर पक्षी, सुन करके तेरा कल नाद ।
जिस स्थल पर हैं हम रहते, वह आता है मुझ को याद ॥
बचपन ही के समय सदृश्य यह, परिस्तान सा लगता है ।
जो कि तुम्हारे लिए योग्य अति, सुन्दर गृह यह बनता है ॥
—वर्ड्सवर्थ

---

## "HAPPY WARRIOR"

I laugh not at another's loss,
I Grudge not at another's gain ;
No worldly waves my mind can toss,
I brook that is another's pain,
I fear no foe, I scorn no friend,
I dread no death, I fear no end.

## सुखी योद्धा

पर-अनहित पर नहीं मुदित हूँ, नहीं लाभ पर मुझको डाह।
भव-सागर की कठिन तरंगें, नहीं डिगा सकतीं मन वाह !॥
पर-कष्टों का अनुभव करता, नहीं शत्रु से भय खाता।
मित्रों से भी घृणा नहीं है, नहीं मृत्यु से घबराता॥
भावी के परिणामों की भी, नहीं तनिक भी मुझको आह।
शान्त चित्त गम्भीर सदा रह, न्याय नीति की चलूँ सु-राह॥

---

## "INNOCENT MIND"

Stone walls do not a prison make,
Nor iron bars a cage ;
Mind's innocent and quiet take.
That for a hermitage.

## निर्दोष-आत्मा

क्या पत्थर की दीवालें भी, कारागृह सम हो सकतीं ?
लोहे के पिंजड़े में भी क्या ? वीर-आत्माएँ घिरतीं ?
रहे चित्त निर्दोष शान्ति मय, तपोभूमि वह बन जाती।
करते योगी वास जहाँ हैं, ऋषी-भूमि वह कहलाती॥

---

## "THE PIOUS LIFE"

Then speak no ill, but lenient be
To other's failings as your own ;
If you are the first a fault to see,
Be you the last to make it known.
For life is but a passing day,
No tongue may tell how brief its span ;
Then all the little time we stay,
Still let us speak the best we can.

## पवित्र जीवन

द्वेष किसी से करो कभी नहिं, मध्य भाव से सदा रहो ।
पर की क्षति को अपनी समझो, नहीं अन्यथा भाव गहो ॥
देखा हो यदि पर को तुमने, करते हुए कोई अपराध ?
शीघ्र करो मत उसको जाहिर, चाहे जितना होय अगाध ॥
समय निरन्तर भाग रहा है, नहिं कोई कह सकता बात ।
मृत्यु अचानक कब आ जावे, शेष रहे यह मुर्दा गात ॥
अत: क्षणिक जग-जीवन है यह, नहीं किसी से द्वेष करो ।
हानि किसी की तनिक न होवे, इस पर भी नित ध्यान धरो ॥

---

## "THE SELF CONTENT"

Content I live this is my stay,
I seek no more than may suffice ;
I press to bear no haughty sway,
Look less what my mind supplies,

Lo, thus I triumph like a king,
Content with what my mind doth bring.

## स्वतः सन्तोषी

रहता हूँ सन्तोष भाव से, करता हूँ मैं यहीं निवास।
नहीं चाहिए मुझको ज्यादा, रखता हूँ नहिं पर की आस॥
रखूँ ईर्षा-भाव न उर में, सन्तोषामृत करता पान।
होकर विजयी नृप-सम जग में, शान्त चित्त बन पाता मान॥

---

## "HEROIC HEART"

That which we are, we are,
An equal temper of heroic heart,
If made poor by time and fate,
Strong in will to strive to seek to find,
But not to yield.

## वीर-हृदय

जो कुछ भी हम हैं इस जग में, सचमुच ही अति उत्तम हैं।
रखते हैं हम हृदय वीर सम, वीरों जैसे उद्यम हैं॥
दैवयोग से हैं गरीब हम, किन्तु मनोरथ सच्चे हैं।
कर कर्त्तव्य कार्य साधेंगे, नहीं कर्म में कच्चे हैं॥
खोजेंगे हम पावेंगे हम, जरा कसर फिर नहीं करें।
वीर बनाकर अपने को हम पराधीन हो नहीं रहें॥

---

## "COWARDS"

Cowards die many times before their deaths;
The valiant never taste of death but once,
Of all the wonders that I have yet heard,
It seems to me most strange that men should
fear
Seeing that death, a necessary end,
Will come when it will come.

## भीरु जन

मृत्यु के बस—पूर्व ही, नर भीरु मरते बार बार।
शूर जग में जन्म ले, मरता है केवल एक बार॥
आश्चर्य मुझ को है यही, कि मौत तो अनिवार्य है।
डरना उसे फिर क्यों भला? जग का सनातन कार्य है।

---

## "NOBLE DEATH"

To every man upon this earth,
Death cometh soon or late;
How can a man die better,
Than facing the fearful odds,
For the ashes of his father,
Or the temple of his gods!

## सार्थक मौत

शीघ्र होता है मरण, या देर से होता कभी।
मरना सभी को एक दिन, कोई नहीं रहता कभी॥
मृत्यु होगी सारथक, निज पूर्वजों के नाम में।
या कहो है मृत्यु उत्तम, धर्म के ही काम में॥

---

## "WORK"

When your work is once begun,
Do not stop, till it is done,
Let your work be great or small,
Do it well or not at all.

## काम

करो कार्य-प्रारम्भ कभी तुम, सदा रीति से पूर्ण करो।
हो छोटा या बड़ा कार्य पर—तनमय हो सम्पूर्ण करो॥
अगर नहीं करना है तुमको, कभी नहीं आरम्भ करो।
जो कुछ करना है सो करलो, यही नियम प्रारम्भ करो॥

---

## "PRAYER"

To you good God I make my last appeal,
Clear my virtue or my crime reveal,
If in the maze of fate I blindly run,
And backward trots of those paths I like, to
shun.

Impute my errors to your own decree ;
My hands are guilty, but my heart is free.

## प्रार्थना

हे ईश करुणाधार तुम से, प्रार्थना अन्तिम यही।
कर दो प्रकट मम दोष, या सद्गुण बताओ तुम सही ॥
यदि कर्म रूपी भ्रान्त पथ पर, अन्ध बन बस चल गया।
पलटाइए नहिं मार्ग प्रभुवर, हो गया सो हो गया ॥
अपराध कर मेरे क्षमा, करुणा करोगे क्या नहीं ?
मम हाथ दोषी हों भले, पर आत्मा हरगिज़ नहीं ॥

---

## "MORNING PRAYER"

Now I wake and see the light,
God has kept me safe to night,
"Make me good O Lord" I pray,
"And keep me good through this day."

## प्रातः-वन्दना

होते प्रात जागता हूँ मैं।
रखा सुरक्षित प्रभु ने निशि में॥
उत्तम भाव दीजिए प्रभु वर।
करूँ कार्य शुभ आज दिवस भर ॥

---

## "NEVER BE IDLE"

Do not then stand idly waiting,
For some greater work to do,
Future is a lazy goddess,
She will never come to you,
Go and toil in any vine yard,
Do not fear to do and dare,
If you want a field to labour,
You can find it anywhere.

## सुस्त मत रहो

आलस्य त्यागो वीर बन, मत परमुखापेक्षी रहो।
भावि-देवी स्वयम् कायर, मत उसे जपते रहो॥
उद्योग के उद्यान में, निर्भीक हो उद्यम करो।
है कार्य—थल सर्वत्र ही, बस कर्म-पथ पर पग धरो॥

---

## "NOT THE SAME"

The Cuckoo is not always singing,
The garden is not always in bloom,
The kings are not always reigning in happiness,
The lovers are not always together.

## सब दिन होत न एक समान

सदा न कोयल तान लगाती, सदा न उपवन खिलते हैं।
सदा न सुख से राज्य करें नृप, सदा न प्रेमी मिलते हैं॥

---

## "LITTLE MAKES GREAT"

Little drops of water,
Little grains of sand ;
Make the mighty ocean,
And the pleasant land,
Little deeds of kindness,
Little words of love ;
Make the Earth Eden,
Like the heaven above.

## लघु से वृहत्

पावस की लघु बूँदों से भी, वृहत् सिन्धु बन जाता है।
रज के भी अति क्षुद्र कणों से, सुन्दर थल बन जाता है॥
दयालुता के लघु कर्मों से, जग सुन्दर बन जाता है।
प्रेम भरे लघु शब्दों से भी, विश्व स्वर्ग बन जाता है॥

---

## "DARING SPIRIT"

Whenever you find your heart despair,
Of doing some goodly thing
Con over this strain, try bravely again,
And remember the spider and king.

## साहसी-हृदय

यदि उर है तैयार तुम्हारा, उत्तम कृत करने के हेतु।
होवे यदि उत्पन्न निराशा, विमल कार्य बनने के हेतु॥

तो तुम एक शूर नर के सम, सदा याद उद्योग रखो ।
मकड़ी और नृपति का ही तुम, मूल मंत्र आदर्श रखो ॥

## "IMPROVEMENT"

Higher and higher we should rise,
From good to better and from better to the best,

## क्रमशः उन्नति

क्रमशः ऊँचे से ऊँचे अति, बढ़े चलो सुन लो भाई ।
अच्छे से उत्तम बन जाओ, अत्युत्तम शिक्षा पाई ॥

## "KINDNESS"

Kind hearts are the gardens,
Kind thoughts are the roots,
Kind words are the blossoms,
Kind deeds are the fruits.

## दयालुता

अमित उदार हृदय 'उपवन' है, 'मूल' उदार विचार हुए ।
बचन उदार 'मञ्जरी' जानो, कृत 'फलफूल' उदार हुए ॥

## "HAPPINESS"

If solid happiness we prize,
Within our own heart this jewel lies ;
And they are fools who roam,
The world has nothing to bestow,
From our own selves our joy must flow,
And that dear hut, our home.

*N. Cotton*

## सुख

सचमुच में यदि कोई सुख है , जिसका मूल्य किया जाता ।
वही दिव्य मणि तो सचमुच में, हृदय बीच पाया जाता ॥
निपट मूढ़ जो व्यर्थ भटकते , हर्ष-स्रोत वह निकलेगा ।
तब यह अपना तुच्छ झोपड़ा , दिव्य भवन दर्शावेगा ॥

—एन० काटन

---

## TWINKLE, TWINKLE, LITTLE STAR

1 Twinkle, Twinkle, little Star ;
How I wonder what you are !
Up above the world so high,
Like a diamond in the sky.

## चमको चमको छोटे तारे

१ चमको चमको छोटे तारे । हूँ अचरज में क्या तुम प्यारे ?
जग के ऊपर इतने ऊँचे । हीरे से तुम दिखो समूचे ॥

2 When the blazing sun is gone,
Then it nothing shines upon,
Only show your little light,
Twinkle, Twinkle all the night.

२ प्रखर दिवाकर जब छिपता है। अन्धकार जग में मचता है॥
लघु प्रकाश से काम निकलता। सर्वरात जब दिया टिमकता॥

3 When the traveller is in the dark,
He thanks for your tiny spark,
He can not find which way to go,
If you do not twinkle so.

३ अन्धकार में तुम्हें पथिक-गण। धन्यवाद दें पा प्रकाश-कण॥
वे कैसे अपना पथ पाते। अगर नहीं तुम यों चमकाते॥

4 In the dark blue sky you keep,
And often in my window peep,
For you never shut your eye,
Till the sun is in the sky.

*Nursery Rhyme*

४ श्याम नील नभ में तुम बसते। मम खिड़की पर आकर हँसते॥
कभी तुम्हारी आँख न लगती। जब तक सूर्य-किरण नभ जगती॥

—नरसरी राइम

---

## "THE CLOCK"

Tick the clock says "Tick, tick tick",
What you have to do, do quick,
Time is passing fast away ;
Let us act and act today.

## घड़ी

घड़ी पुकारत 'टिक टिक' प्यारे, शीघ्र करो सब अपना काम ।
समय शीघ्र जाता है इससे, करो आज का इस ही याम ॥

---

## WORK AND PLAY

Work while you work, play while you play,
This is the way, to be happy and gay
All that you do, do with your might,
Things done by halves are never done right,
One thing at a time and that done well,
Is a very good rule, as many can tell.

## खेल और काम

जब तक तुम करते निज कृत को, तब तक तुम निज कृत्य करो ।
रहो खेलने में तुम जब तक, तब तक खेला नित्य करो ॥
सुखी और हर्षित होने का, मार्ग यही सच्चा है सार ।
जो कुछ तुम करते हो उसको, पूरा करो शक्ति-अनुसार ॥
किया अपूर्ण कृत्य जग में जो, कभी नहीं अच्छा होता ।
एक समय में एक काम ही, किया कहीं अच्छा होता ॥
सम्मति है उत्तम यह सब की, इस पर नित तुम ध्यान धरो ।
खेल-समय तुम खेलो भाई, ठीक समय पर काम करो ॥

---

## "MODEST MERIT"

Full many a gem of purest ray serene,
The dark unfathomed caves of ocean bear,
Full many a flower is born to blush unseen,
And waste its sweetness on the desert air.

*Grey*

## गम्भीर-भावना

नील अगाध जलधि अन्तर्गत, अति गम्भीर गुफा के बीच ।
विमल कान्तिमय मणी अनेकों, पड़े हुए रहते मिल कीच ॥
लेकर जन्म अदृश्य पुष्प अति, फैलाते हैं मरु पर गन्ध ।
खिल करके मुरझाते हैं सब, करती मारुत नष्ट सुगन्ध ॥

—प्रे

---

## "THE TRUTH"

Speak the truth, speak it ever
Cost it what it will ;
He who hides wrong he did,
And does the wrong thing still.

## सत्यता

सत्य हमेशा बोलो प्यारे, कुछ भी हो इसका परिणाम ।
जो ग़लती को आप छिपाता, ग़लती ही उसका परिणाम ॥

॥ इति ॥

*

# अंग्रेज़ कवियों का जीवन चरित्र

## जोसिफ एडीसन

( १६७२ से १७१९ )

जोसिफ एडीसन एक प्रसिद्ध लेखक, कवि तथा राजनीतिज्ञ पुरुष था। इसके लेख बहुधा उस समय के सामयिक पत्रों में निकला करते थे जो कि अत्यन्त उच्चकोटि के समझे जाते थे। यह उन चुने हुए लेखकों में से एक था जिन्होंने अंग्रेजी गद्य काव्यों को एक नवीन रूप दे भाषा की शैली में नवीनता एवम् लालित्य ला दिया था।

एडीसन की गद्य-रचना में नवीनता और प्राचीनता दोनों का समावेश पाया जाता है। इसने समय समय पर कई रचनाएँ की थीं जैसे—दुखान्त केटो, सुखान्त नाटक तथा अनेकों फुटकर कविताएँ रचीं। इसने स्पेकटेटस नामक एक महान ग्रंथ लिखा है जिससे उसकी अंग्रेजी साहित्य में गति-विधि का पूर्ण परिचय मिलता है।

## राबर्ट बर्नस

यह स्काटलैण्ड का रहने वाला एक विख्यात कवि था। इसका जन्म सन् १७५६ ई० में स्काटलैण्ड में हुआ था। इसने अपना जीवन एक कृषक की कोटि से प्रारम्भ किया था। शनैः शनैः जब इसकी पद्य-रचना ने उच्चकोटि पर स्थान प्राप्त कर लिया और वह सर्वत्र प्रख्यात होने लगी तब वह अपना ग्राम छोड़ एडिनबर्ग को चला गया। वहाँ उसे एक प्रेमिका से अधिक निराशा उत्पन्न हुई और वह अपने ग्राम को पुनः वापिस लौट

आया। वहीं उसने अपना शेष जीवन बड़ी सादगी एवम् सन्तोष-पूर्वक व्यतीत किया।

कुछ समय पूर्व जिस गाँव में वह एक कृषक की स्थिति में रह चुका था वहीं कुछ दिनों तक वह आबकारी विभाग का एक अधिकारी भी रहा।

इस महान् कवि की मृत्यु बहुत ही स्वल्पावस्था में अर्थात सन् १७६६ ई० में ३७ वर्ष की आयु में हो गई। इसने अपने इस स्वल्प जीवन में बहुत-सी पद्य-रचनाएँ की हैं जो कि आज-कल भी स्काटिश भाषा में पाई जाती हैं। स्काटलैण्ड वाले इसकी रचनाओं को अब भी बड़ी सम्माननीय दृष्टि से देखते और उनका अध्ययन करते हैं।

## लार्ड बेरन

आपका जन्म सन् १७८८ ई० में इंग्लैण्ड में हुआ था। आप एक बड़े प्रतिष्ठित और सिद्धहस्त लेखक थे। इनकी लेखनी से गद्य में हास्य रस एवम् तानावाजी जैसे उत्तम लेख लिखे गए हैं। कदाचित् वैसे लेख उस देश में न पहले लिखे गए थे और न पीछे किसी ने लिखने का साहस ही किया।

आपकी पद्य-रचना भी उच्चकोटि एवम् लालित्य से रहित नहीं थी।

इनका लजालू और अहंकारी स्वभाव इनके सदैव दुखी रहने का कारण हुआ। लोग आपकी शीघ्र अप्रसन्न हो जाने वाले व्यक्तियों की श्रेणी में गणना करते थे। आपकी रचनाएँ ही इसके लिए आवश्यकता से अधिक प्रमाण कही जा सकती हैं।

इंग्लैण्ड के दुःखमय जीवन से ऊब कर सन् १८१५ ई० में इन्होंने उसे सदैव के लिए त्याग दिया और शेष जीवन नैसर्गिक

शोभा संयुत इटली जैसे मौजी देश में शेले कवि के साथ रह कर व्यतीत किया।

स्वतंत्रता-इच्छुक ग्रीस निवासियों के साथ जो तुर्कों का घोर संग्राम छिड़ा हुआ था इसी संग्राम से व्यथित हो इस महान् व्यक्ति ने अपने नश्वर शरीर को सन् १८२४ ई० में ग्रीस के मिसोलांधी शहर में त्याग दिया।

## बिलेक

यह एक उत्तम चित्र-विद्या-विशारद एवम् कवि था। इसने छोटे-छोटे प्राणी और बच्चों के विषय में बहुत ही छोटे-छोटे कई सुन्दर पद्यों का संग्रह किया था। उसने उन पद्यों का नाम निःस्वार्थ संगीत (Songs of Innocence) रक्खा था। कवि की योग्यता रखते हुए भी इसे जीवन भर कोई उच्च मान प्राप्त नहीं हुआ। क्योंकि उस समय के समकालीन अन्य कवियों के समान उसकी रचना रोचक नहीं समझी जाती थी। उसकी रचना-शैली में एक प्रकार की नवीनता पाई जाती है। शोक है कि कवि की मृत्यु के थोड़े दिन पश्चात् उसकी रचनाओं पर सर्वसाधारण का ध्यान आकृष्ट हुआ और उसकी रचनाओं पर लोग मोहित होने लगे। जब उन्हें छोटे-छोटे बच्चों और प्राणियों की ओर उसका अधिक प्रेम उसकी रचनाओं में प्रतीत हुआ तो वे सब उसकी योग्यता की गणना वर्डवर्थस जैसे महान् कवि के समान करने लगे।

## केमविल

सन् १७७७ से १८४४ तक।

यह स्काटिश कवि के नाम से विख्यात था। इसने कई छोटे और कई बड़े-बड़े छन्दों की रचना की है। उनमें से बाल्टिक क

संग्राम, सन्ध्या का सितारा, सिपाही का सपना आदि अधिक मनोहर और दिव्य रचनाएँ हैं।

## कूपर

यह पुरुष वर्ड्सवर्थ के लगभग ५० वर्ष पूर्व हो गया है। इसकी मनोहर काव्य-रचना से हृदय में सहसा आनन्द-स्त्रोत प्रभावित होने लगता है।

इसके जीवन का अधिकांश एक अत्यन्त छोटे ग्राम में व्यतीत हुआ था। इसने इंग्लैण्ड के भव्य दृश्यों को बड़ी उत्तमता के साथ अपने छन्दों में अंकित किया है।

टास्क Task नामक पद्य-रचना से भली भाँति विदित होता है कि उस ग्राम के दीन कृषक उस पर कितनी सहानुभूति एवम् गाढ़ श्रद्धा रखते थे।

## कोलरिज़

(सन् १७७२ से १८३४)

उन्नीसवीं सदी के कवियों में से यह भी एक कवि था। यह वर्ड्सवर्थ और सौदे का मित्र था।

इसकी सबसे विख्यात कविता "प्राचीन माझी" के नाम से प्रसिद्ध है। जिसका अंग्रेजी साहित्य में बड़ा भारी मान है। वर्ड्सवर्थ के समान यह भी शहर की अपेक्षा ग्राम्य-जीवन से विशेष सन्तुष्ट और प्रेम रखने वाला था। उसका विश्वास था कि ग्रामीण मनुष्य सीधे-सादे भोले-भाले एवम् दीन प्रकृति के होते हैं। नगर निवासी धन, बल और उच्च पदाधिकार से मदोन्मत्त हो जाते हैं।

उसका कहना था कि कवित्व शक्ति ईश्वर-प्रदत्त है वह बिना उसकी अनुकम्पा के उपलब्ध नहीं हो सकती। बिना कविता के

सांसारिक सुन्दर पदार्थों की सुन्दरता एवम् उत्तमता की खोज नहीं हो सकती।

## गोल्डस्मिथ

( सन् १७२८ से १७७४ तक )

यह आयर्लैण्ड का निवासी था। इसकी गद्य और पद्य दोनों रचनाएँ पाई जाती हैं। गद्य-रचना में इसकी बड़ी प्रसिद्धि है जो कि "विकार आफ बेक फील्ड" के नाम से प्रसिद्ध है।

इस रचना से एक ग्रामीण पादरी की गरीबी और उसके भाग्य का हाल विदित होता है। यह अंग्रेजी-साहित्य में अत्यन्त उत्कृष्ट और मान्य क़िस्सा समझी जाती है।

## ग्रेफिन

आप बनारस कालेज में एक नामी प्रिंसपाल थे। तदनन्तर सन् १८६० ई० में संयुक्त प्रान्त शिक्षा-विभाग के डायरेक्टर आफ पब्लिक इन्स्ट्रक्शन नियुक्त हुए। संस्कृत में आपकी अच्छी गति थी और संस्कृत भाषा के उत्तम विद्वान थे। इन्होंने भारतीय-भाषा के ग्रन्थों का अंग्रेजी पद्यों में बहुत ही सुन्दर अनुवाद किया है जैसे—वाल्मीकीय रामायण, युसिफ और जुलीका आदि।

## थामस ग्रे

इनका जन्म सन् १७१६ ई० में लन्दन के कार्नहिजन्स नामक नगर में हुआ था। आपके पिता एक साधारण व्यापारी थे। इनके मामा ईटन के स्कूल में शिक्षक थे; अतः ग्रे उनके यहाँ शिक्षा पाने के लिए भेजे गए। मामा के यहाँ से ही ग्रे का पठन-पाठन प्रारम्भ हुआ।

ग्रे इतिहास, नवीन भाषा जैसे उच्च कोटि की शिक्षा के साहित्य का बड़ा प्रेमी था। एक बार इसने प्राइम मिनिस्टर के पुत्र के साथ इटली और फ्रांस की यात्रा की थी, जिससे उसे वहां काफी अनुभव प्राप्त हो चुका था।

कुछ समय के उपरान्त आप केम्ब्रिज कालेज में इतिहास के प्रोफेसर नियुक्त हुए। इस महान कवि का सन् १७७१ ई० में परलोकवास होगया। और उसकी समाधि स्टकेपेजेज नामक विशाल गिरजाघर में बनाई गई।

आपने "इलाजी" नामक अंग्रेजी छन्द लिखकर अपना नाम सदा के लिए अमर कर लिया है। यह बात सर्वथा माननीय है— कि ग्रे की दिव्य रचना अंग्रेज उच्चकोटि के कवियों की रचना में से एक सुन्दर रचना है। आप की रचना का अध्ययन करने से हृदय पटल पर काव्य विषय रूपी मूर्ति का नकशा खिंच जाता है। जो स्वच्छ दर्पण के प्रतिबिम्ब के सदृश हृदय पर अंकित हो एक नवीन प्रतिध्वनि उत्पन्न करता है।

## हेमन्स

### सन् १७९४ से १८३५ तक

इस विदुषी एवम् कवि महिला का जन्म सन् १७९४ ई० में लिपरपूल नामक नगर में हुआ था। इसका बचपन का नाम ब्राऊन था। सन् १८०८ ई० में यह एक सुलेखिका की हैसियत से विख्यात हुई। इसकी लेखनी से दो महान ग्रन्थ अर्थात "अरली ब्लासम" और "डुमास्टिक एफेक्शन" लिखे गये। इसी वर्ष इस महिला का शुभ विवाह हेमन्स नामक एक कप्तान के साथ हुआ; किन्तु समय का चक्र बड़ा प्रबल है। हेमन्स ने उसे पांचवां बच्चा पैदा होने के पश्चात् त्याग दिया।

हेमन्स का साहित्य की ओर अधिक अनुराग था। सम्भव है यही अनुराग उसकी विपत्ति का मूल कारण रहा हो। यह अपनी पद्य-कृतियों को मासिक पत्रों में प्रकाशित करने लगी। पत्र-सम्पादक इसकी रचनाओं को अपने मासिक पत्रों में सदैव अग्र स्थान दिया करते थे। जैसे—

नवीन ग्रीस आदि।

इस विदुषी महिला ने एक बार रायल सोसाइटी आफ़ लिटरेचर से भी पारितोषिक प्राप्त किया था। इसकी पद्य-रचना सदैव वर्णन युक्त स्वाभाविक मधुरतामय मन को मुग्ध करने वाली रहती थी। इसकी मृत्यु सन् १८३५ ई० में डबलिन नगर में हुई।

## हूड

सन् १७९९ से १८४५ तक। "इस कवि की रचना—"I Remember I Remember" अर्थात् "मुझे स्मरण है मुझे स्मरण है" के नाम से प्रसिद्ध है। इसकी अन्य रचनाएँ हास्यप्रद हैं।

## रिनार्ड होवर

### सन् १७८३ से १८२६ तक

यह एक अंग्रेज कवि और पादरी था। पश्चिमी महाद्वीप पर भ्रमण करने के अनन्तर सन् १८०७ ई० में होलिस्ट का डाइरेक्टर बनाया गया।

"मेलिस्टन के विशाप" के मरने के पश्चात् सन् १८२३ ई० में भारत के प्रसिद्ध शहर कलकत्ते के एक प्रसिद्ध गिरजाघर का पादरी नियुक्त हुआ। वह कलकत्ता में ६ वर्ष ही रहने पाया था कि उसे बुखार ने घेर लिया और उसकी मृत्यु सन् १८२६ ई० में

"ट्रिकलम पोली" नामक स्थान में हो गई। इसने बहुत सी पद्य-रचनाएँ की हैं जिनमें से 'पलेस्टाइन, जैसे मीटाइवर आदि अधिक प्रसिद्ध हैं इनके अतिरिक्त उसने कई अनुवाद भी किये हैं।

## किंगले

सन् १८१६ से १८७५ तक।

यह गद्य और पद्य दोनों का लेखक था। इसकी रचनाओं में "वाटर बेबीज़" बड़ी प्रसन्नता पैदा करने वाली एक बच्चे की कहानी इसने "किंगलेज हीरो" नामक पुस्तक में ग्रीक निवासी एक बहादुर की किस्सा लिखी है। जिससे ग्रीक देश के देवताओं की कहानियों का वर्णन ज्ञात होता है।

## कीट

सन् १७९५ से १८२१ तक

इसकी पद्य-रचनाएँ अत्यन्त सुन्दर होती थीं इस कारण इसकी गणना प्रसिद्ध अंग्रेज कवियों में की जाती है। इसकी अधिकांश रचनाएँ ग्रीक देश के देवताओं के विषय में हैं। न तो उसने अंग्रेजी दृश्यों पर कुछ लिखी और न अंग्रेजी जीवन पर ही कुछ प्रकाश डाला। जो कुछ भी इसने लिखा है वह केवल ग्रीक तथा इटली के मध्य कालीन लोगों के विषय में है।

इस कवि का दृढ़ विश्वास था कि "मनुष्य-जीवन ही एक बहुमूल्य रत्न है"। इसका जीवन काल बहुत ही अल्प अर्थात् २५ वर्ष का रहा। क्षय रोग से पीड़ित होने के कारण उसकी ऐहिक लीला अल्पावस्था में ही समाप्त हो गई।

## लाँगफैलो

१८०७ से १८८२ तक

यह एक अमेरिकन कवि था ग्रामीण लुहार जीवन की पवित्रतान, हाथी के गीत, उत्तर अमेरिका के मूल निवासी रेड-इंडियन के देवताओं की किस्साएँ आदि रचनाओं में इसकी ख्याति बहुत अधिक बढ़ गई है। क्योंकि इन रचनाओं में माधुर्य और मोहकता बहुत ही कूट कूट कर भरी हुई है।

## जेम्स हेनरी लेहन्ट

सन् १७८४ से १८५९ तक

लेहन्ट का जन्म सन् १७८४ ई० में हुआ था। यह कवि और गद्य-काव्य का लेखक था। तरुणावस्थामें इसने एक समाचार पत्र का सम्पादन किया और उस पत्र में राजकुमार रीजेन्ट के विरुद्ध अपवाद जनक एक लेख लिखा जो कि अपने पिता जार्ज तृतीय की उन्मादावस्था में शासन कार्य सम्हाले हुए था। निदान लेहाट पर मानहानिका अभियोग लगाकर उसे जेल दे दिया।

जेल-यात्रा से मुक्त होने के उपरान्त लेहएट अपने विपत्ति-सहायक शेले सहित सकुटुम्ब इटली में रहने लगा। सन् १८२२ ई० में इटली में शेले का शरीरान्त हो गया जिससे लेहएट को बड़ा ही शोक हुआ।

## मिल्टन

मिल्टन का जन्म सन् १६०८ ई० में हुआ था। जीवन-काल के अन्तिम २० वर्षों में अंधा हो गया था। नेत्रहीन अवस्था ही में उसने सबसे प्रसिद्ध 'पैरेडाइजग्रेएड' 'पेरेडाइजलस्ट' तथा

'सेम्बसन अगोनाइटेस' काव्यों की रचना की थी जो अंग्रेजी साहित्य में उच्चकोटि के गिने जाते हैं। जिनसे प्राचीन काल की बहादुरी की घटनाओं का ज्ञान होता है।

इसके अतिरिक्त मिल्टन ने कई छोटी छोटी फुटकल सुन्दर कविताएँ भी लिखी थीं जैसे—लेरिसिडास, कोमस आदि।

## मेकाले

सन् १८०० ई० से १८५६ ई० तक

यह प्रसिद्ध लेखक और राजनीतिज्ञ था। यह सन् १८३४ से सन् १८३८ ई० तक ईस्ट-इंडिया कम्पनी की सुप्रीमकोर्ट का सदस्य रहा तथा ताजीरात हिन्द के कमीशन का अध्यक्ष रहा। पार्लीमेण्ट के सभासद होने का भी इसे सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मेकाले के निबंध बहुधा एडिनवर्ग के मासिक पत्रों में प्रकाशित हुआ करते थे, इनके निबन्धों की रचना शैली अधिक स्पष्ट एवम् प्रभावशाली थी। इनकी निबन्ध शैली लेखकों को आदर्श थी। आपने अपने निबन्धों में बड़े, बड़े, शब्द तथा वाक्यों का उपयोग कभी नहीं किया। क्योंकि उन्हें ऐसा करने से अत्यन्त घृणा थी।

## एलेक्जेंण्डर

इसका जन्म सन् १६८८ ई० में लन्दन शहर में हुआ था। आपके पिता लन्दन में कपड़ा बेचने का धंधा करते थे। आपने किंगहाम में एक सुन्दर कुटी और बगीचा बनवाया था।

वह अपने समकालीन प्रसिद्ध लेखकों से परिचित था। जोनाथन, स्राफट और लार्ड वोलिंगब्रोक जो तत्वज्ञानी और राजनीतिज्ञ उसके परम मित्र थे। इसने कई कविताएँ और मानव जाति पर छोटे छोटे निबन्ध लिखे हैं।

इसके उच्च दर्जे के कवि होने का अभी तक कोई निश्चय नहीं हुआ; क्योंकि उसकी रचनाओं में न तो कोई विशेष विवरण पाया जाता है और न कविता की उच्चता का पता लगता है। लोगों का अनुमान है कि यदि वह अपना समय पद्य-रचना में न खोकर गद्य-रचना में लगाता तो उत्तम होता, जो कुछ भी उसने लिखा है वे प्रतिदिन होने वाली साधारण घटनाएँ हैं।

## सरवाल्टर स्काट

( सन् १७७१—१८३२ तक )

इस प्रसिद्ध लेखक का जन्म स्काटलेण्ड में हुआ था। यह पद्य लिखने की अपेक्षा उपन्यास का बड़ा जबरदस्त लेखक था। इसके द्वारा लिखे गए उपन्यास 'वेवरली' के नाम से आज तक विख्यात हैं। जो इतिहास के आधार पर लिखे गए हैं।

इन उपन्यासों के पठन-पाठन से मध्यकालीन महापुरुषों के जीवन चरित्र पर यथेष्ट प्रकाश पड़ता है। स्कॉट की दिव्य रचनाएँ सुन्दर और मनोहर हैं।

## विलियम शेक्सपियर

( सन् १५६४—१६१६ तक )

यह अंग्रेज कवियों में से सबसे ऊँचे दर्जे का कवि था। आप महारानी एलीजीवेथ और जेम्स दी फ़र्स्ट के समकालीन थे। बहुत से लोगों का विश्वास है कि शेक्सपियर संसार भर के कवियों में से सब से श्रेष्ठ था;

इसकी अथक लेखनी द्वारा लिखे हुए नाटक आज भी समस्त यूरोप के कोने कोने में रङ्ग-मंच पर खेले जाते हैं। इसके नाटकों का अनुवाद यूरोप की प्रायः सभी प्रचलित भाषाओं में हो चुका

है। इतना ही नहीं भारतीय व एशिया खण्ड की कई भाषाओं में अविकल अनुवाद हुआ है 'रोमियोजूलियट' और 'हेमलेट' का तो अरबी में भी अनुवाद हो चुका है जिनके पठन-पाठन से संसार की नवीन बातों और स्वाभाविकता का भली-भाँति परिचय मिलता है।

## शैले

(सन् १६९२—१८२२ तक)

इसने अपनी ६ वर्ष की आयु से ही छन्द बद्ध रचना लिखना आरम्भ कर दिया था। अंग्रेजी भाषा में तो उसने अत्यन्त सुन्दर गीतों की रचना की है। ये बड़े ही मनोहर छन्द हैं।

यह अल्प-काल ही में अर्थात् २९ वर्ष की आयु में ही समुद्र में डूब कर काल-कवलित हुआ। इसकी समाधि रोम में उसके परम मित्र कीट के पास बनी हुई है।

# Testimonials & Reviews

Sir Hari Singh Gour, Kt.,
M.A., D.LIT., D.C.L., LL.D., M.L.A.,
Barrister-At-Law.

Nagpur,
26th September 1930.

My dear Ganesh,

Your letter together with your Hindi rendering of selected English poems just arrived and I have read them with great interest. You have clearly *mastered* the *technique* of *prosody* and have done full justice to the English Poems which breathe the spirit of freedom and open a a new avenue to the Indian boys whose literature you have enriched by your lucid and vivid translation. I wish both you and your venture every success-the more heartily as you are one of us and come from the little hamlet which has produced such striking men of talent who are giving such a good account of themselves in the wider sphere of the politics, law and literature throughout the land. Our little town is the Athens of Central India and though

it is in its decline I am glad that it is still keeping alive its old fire kindled by our forefathers who have left the record of their lives and endeavour for all to copy and profit by.

I hope you will follow up your first venture by other essays in the same direction for I am sure that if our mother tongue is to remain the *lingua franca* of the land it needs to be greatly enriched by words and thoughts of the kind you have attempted.

With all good wishes for your success and my kindest regards.

Believe me
Yours affectionately
(Sd). H. S. Gour.

To

G. P. Singhai Esqr.
Saugor. C.P.

---

Dr. Sir, George Grierson the great Oriental Scholar and Author's view

Rathfarnham, Camberly Surrey
28th August, 1929.

Dear Sir,

I am instructed by Sir George Grierson

to acknowledge with thanks the receipt of your letter of July 26th and of your book entitled "Selected English Poems in Hindi Verse."

Sir George has read it with interest, and desired me to congratulate you on the success with which you have accomplished a very *difficult task*.

Yours faithfully,
(Sd). G. GEARY.

To
Ganesh Pershad Singhai, Esqr.
Saugor, (C.P.

---

REV. F. E. KEAY. M.A.D. Litt.

A Reputed Author and Scholar in Hindi Literature writes :—

Burslem Rectory
Stroke-on-Trent.
6th August, 1929.

Dear Mr. Ganesh Pershad,

Thank you for your letter of the 6th July as for as kindly sending to me a copy of your "Kavita-Kunj" I very much appreciate the gift. You have undertaken an ambitious task. It

is never easy to translate the poetry of one language into that of another, but you seem to have been *most successful* and your translations ought to be a great help to students who are trying to grasp the meaning of the English original.

I remain
Your Sincere friend,
(Sd). Frank E. Keay.

---

Field Martial Sir, William Bird Wood,
G.C.B., G.C.M.G., K.C.S.I., K.C.M.G., D.S.D. etc.
Commander-in-Chief In India,
No: 718 Simla
11th October, 1929.

Dear Sir,

I am desired by His Excellency the Commander-in-Chief to acknowledge the receipt of your letter dated the 9th instant, and to thank you for your kindness in sending him a copy of your book "Selected English Poems in Hindi Verse" which he has persued with great interest.

Yours Faithfully
(Sd). K. Dawron.

Captain, Offg. Asst. Military Secretary (personal) to His Excellency the Commander-in-Chief.

---

REV. A. I. Gibson M.A. Writes
Bible Churchmen's Missionary
Society. Saugor, C. P.
Oct. 2, 1929.

Dear Mr. Ganesh Prasad Singhai.

Thank you kindly for your copy of your translation of poems which I have followed as much as my limited Hindi permits. It seems *very masterly*. It will be a good thing to bring before the C.P. School Authorities for the endorsement.

Sincerely Yours
(Sd). A. I. GIBSON.

---

St. John's College
Agra.
7th April, 1930.

Those who have experienced the very real difficulty in getting our school children to

appreciate the beauties of English verse will welcome the valuable renderings of old favourities into excellent Hindi. Not only has Mr. Singhai caught their true spirit but his translations reveal him to be a man of poetic taste· with a fine discrimination in his choice of phrases. I cannot but feel that he has done our Hindi-speaking youth a signal service for the poets will now appeal directly where previously language difficulties were insuperable.

It has been a delight to handle such an excellently printed and well got up book and Mr. Singhai deserves our heartiest congratulations.

(Sd) P. GADDY, M.A.
(Asst. Prof. St. John's Coll.) Agra.

---

Dayalbag Agra
Date 1-2-1930.

I have gone through a copy of Mr. Singhai's translation into Hindi of some English Poems with great interest. I am not sufficiently conversent with the Hindi to judge of its merits but from the few verses that Mr. Singhai recited

I have received the impression that it is very good. From my own experiences in connection with the translation of Kavirji's poems and verse into English I can fully appreciate what a hard task it must have been for Mr. Singhai to render some of the great English Poets, not merely in Hindi prose but in Hindi Poetry. I should think that this book would be invaluable to Indian Students. I wish Mr. Singhai every success.

(Sd). G. J. PIPER.
Publication Dept. R.E.I.

---

Balvant Rajput
Intermediate College Agra.
Date 7th February, 1930.

I have read with great interest the "Selected English poems in Hindi Verse" translated by Mr. G. P. Singhai. Mr. Singhai is a man of true poetic instincts and has done a great service to the Student Community. His translations are literal and faithfully reproduce the soul of the original poems. The language employed is easy and connotative appealing both

to the young and the old. Mr. Singhai deserves hearty congratulations from his readers.

(Sd). K.C. MAZUMDAR, M.A.
Lecturer in English.

---

Khan Bahadur Walimuhamed Income Tax Commissioner Writes :—

I have read with great interest the book called "Selected English Poems in Hindi Verse" by Mr. G. P. Singhai of Saugor. Mr. Singhai seems to have taken lot of pains over this work. I have never come across such a good book uptil now. It seems a good attempt at translating his Hindi Verse some of the better known English Poems. I hope the Students for whom the book is meant will derive benefit by this translation.

I wish Mr. Singhai success in his attempt.

Walimuhamed.

Saugor.
Date 10th Dec. 1930.

---

Dr. Rai Bahadur Hira Lal B.A.
Retd. Deputy Commissioner
Jubbulpore, Katni, C.P.

15—7—1929.

Dear Mr. G.P. Singhai,

I congratulate you on your very elegant translation in Hindi Verse of the chosen pieces of English Poems by renowned poets of that language. It is perhaps easier to write orignal pieces undoubtedly than endeavovr. to express poetical thoughts of another language, differing so widely from our ownx. I regard this as an earnest of what you propose to do in future. I wish you all success,

Yours truely
(Sd.) HIRALAL

---

Mr. N. M. Mukurji, M Sc.
The Professor of Botany writes.
St. Johns College Agra.

5—11—1929.

Mr. Ganesh prashad Singhai has done an unique service to the Hindi reading public by translating some pieces of English poetry into

Hindi Verse in his book "Kavita Kunj." He is to be congratulated on his success in such a difficult task as the translations of the poetry of a foreign tongue. He has been able to render some of the pieces of English poetry into simple Hindi still preserving much of the beautiful sentiment and spirit of the original.

Mr. Singhai deserves our admiration for selecting pieces of English poetry for translation, some of which are really beautiful and inspiring.

Hindi reading people should be grateful for introducing them to some of the best of the English Poets. We would be eagerly waiting for his further contributions in this line.

(Sd). N. M. Mukerji, M. Sc.

---

Rai Sahib Nanakchand B. A.,
Retired Head Master

Bula Nala, Benares.
24th Sept. 1929.

My dear Mr. Ganesh Prashad Singhai.

In thankfully acknowledging the receipt of your book-let "Kavita Kunj" I have to say there is no doubt a very noble attempt on your

part being a leading merchant to spare so much time for such a laborious task certainly reflects a great credit on you as it is not an easy thing to render Gray, Wordsworth, Southey, into Hindi Poetry.

Heartily congratulating you on your success.

(Sd). Nanakchand.

Dr. L. C. Jain M. A.
L. L. B. Ph. D.

Dufferin Lodge,
Nainital August 20th, 1929.

Dear Mr. Singhai,

Thank you for your kind present of your book Kavita-Kunj, which I am so glad to have. I have had no time to go through the book, but have much enjoyed the few poems that I have read. With best wishes and congratulations,

Yours Sincerely,
(Sd). L. C. Jain.

Mr. Badri Narayan M. A.,
Victoria College, Gwalior,

Date 6th Feb., 1930.

Mr. G. P. Singhai of Saugor presented me a copy of his book "Kavita Kunj". I have carefully gone through the book. I admire it. Mr. Singhai has attempted a singularly difficult task and I should say with wonderful success. He deserves encouragement. 'Kavita-Kunj' is his art attempt. He has the seed in him of even greater production in future.

(Sd). Badri Narayan, M. A.,
Lecturer in Hindi.

---

Mr. Amritlal Mukerji, B. Sc. L. T.,
Head Master
Model High School, Jubbulpore

Date 14-3-1930.

Dear Mr. Singhai,

I congratulate you on your excellent translation of the many difficult and popular English Poems. To persons unacquainted with English, they will appear to be original in their nature and provide material reflection.

I have gone through them once and am tempted to read them again. I am sure the book will be a great help for the High School boys in their study of their poems and for getting a better insight into the ideas contained in them. I hope your virgin efforts will be crowned with greater success in the production of translation of other English works.

Yours Sincerely,
(Sd). Amritlal Mukerji B. Sc. L. T.

---

Rai Sahib Lajja Shanker Jha,
Principal of Teachers' Training
Hindu University College, Benares.

Date 20th August, 1929.

Dear Sir,

I am in receipt of your letter dated 14th inst. Many thanks for the "Kavita-Kunj," kindly sent by you. I got it last month when I was very busy. It is only now that I found time to glance through it. You have made a particularly good selections of English Poems and the translations into Hindi Verse are on the whole creditable to you. They will give to

Hindi knowing readers good ideas of the beautiful thoughts in the English Poems. Congratulating you on your efforts.

I remain,
Yours Sincerely,
(Sd.) L. S. Jha, Principal,
Teachers' Training Hindu
University College, Benares.

---

Mr. N. R. Chandorker,
B. A., LL. B.,

Nagpur,
1st August, 1930.

I have read with great pleasure Mr. G. P. Singhai's "Kavita-Kunj" or the translation of selected English Poems into Hindi Verse. The ease with which Mr. Singhai has overcome the inherent difficulties of translating poems of one language into another is simply wonderful and proclaims his marvellous mastery of both the languages. In places translation is distinctly better than the original, and I have no hesitation in congratulating Mr. Singhai on his achieve-

ment. The book can with advantage be included in the High School curriculum.

(Sd). N. R. Chandorker,
B.A., LL. B.
Officer on Special Duty in Census.

---

Mr. B. D. Serveya, B. A. LL. B.
Pleader 'Author of Hindu
Women's Estate'

Saugor
the 29th of September, 1929.

Dear Mr. Ganesh Pershad,

I thank you very much for presentation of 'Kavita Kunj'. I have gone through the translations. The translations are the nearest possible approach to thoughts and the expressions in the English Poetry. I congratulate you on the success.

Yours Sincerely
(Sd). B. D. Serveya, Pleader.

---

Proprietor D. N. Mukerji, B.A., LL. B.

Uday Office,

Saugor, Dated 3rd Oct., 1929.

Mr. Ganesh Prashad Singhai's Hindi metrical translation of some of the best English Poems has, to my mind, been very successful.

It has opened a new avenue of literary enterprise in these days of enrichment of Indian Vernaculars. Besides helping the student world a great deal in understanding and appreciating the beauties of a foreign language this master-piece of Mr. Singhai's metrical translation is likely to promote better understanding through the noble medium of literature, of two different races brought to gether by the misterious chances of history. I hope Mr. Singhai will give us more literary fare in near future I wish him all success in this virgin attempt.

(Sd). D. N. Mukerji.

Lawyer & Journalist.

Mr. S. Bose M. Sc. Professor,
Christian College, Allahabad.

Dated 22nd July, 29.

Dear Mr. Singhai,

Many thanks for presenting me a copy of your "Selected English Poems in Hindi Verse" I was much delighted to see the beautiful Hindi verses so well thought and carefully composed. More than once I have read these verses and every time I find them new. It is very interesting to find even the deepest thought expressed in Hindi, so very easily and accurately. The charm of the verses suggest the work to be as some thing original, rather than a translation. It is being circulated amongst my friends and they highly appreciate the work. There is a suggestion that you should write to the Text-Book Committee of the Board to get this book included among the poems for the High-School classes. I hope it will be very useful to the students, and will become popular soon.

Your sincerely
(Sd). S. Bose.

Mr. Madhu Mangal Misra, B. A.
Supdt. Normal School, Jubbulpore.

Dated 18-8-29.

Dear Sir,

I have glanced through your "Kavita Kunj". I was much pleased to find some of the jems of English poetry rendered so well in Hindi verses in good form. I am sure you will find people who will appreciate your labour. It is a great pleasure to find you engaged in this literary under-taking in your leisure hours snatched from business. The portrayal is faithful and the style is satisfactory. I wish you success and hope to see more of independent poetry from your muse.

Your Sincerely,
(Sd). Madhu Mangal Misra.

---

Mr. C. R. Jain Bar-at-Law
Author of several well-known works.

Simla 24-7-29.

Dear sir,

I have to thank you for a copy of your "Kavita-Kunj", the perusal of which has given me much pleasure. I think the author's

attempt at versifying the most excellent kind of English thought in Hindi verse is a highly laudable one. I have been enabled to spend more than one pleasant half an hour in reviving my acquaintance with some of the English poets.

The selection is very good indeed. With kind regards,

Yours Sincerely,

(Sd). C. R. Jain,

Bar-at-Law.

---

Rao Bahadur S. M. Parande,
Retired District & Session Judge

Saugor.

8th January, 1931.

Mr. Ganesh Prashad Singhai's "Kavia-Kunj" contains selected English Poems with excellent translation in modern Hindi Verse. The selection is good and the translation has been made with care and skill. The Verses in Hindi are easy flowing simple and clear. Realizing how difficult it is to render the poetic effusions of one language in another language so widely different and parti-

cularly when it has to be done in measured Verse Mr. Singhai deserves to be warmly congratulated on this successful attempt.

He has not only reproduced the original thoughts faithfully; but has tried to stick to the very words in the original poems. Mr. Singhai has undoubtedly poetic tendencies and I hope Hindi reading public will thank him for making available to them some beautiful pieces from English poetry. I further hope that Mr. Singhai will continue his efforts in this direction and if he does so, he will be rendering a great service to Hindi literature.

(Sd). S. M. PARANDE.

---

Hiralal Jain, M. A. Professor of Sanskrit, King Edward College Amrawati,

Date 8-9-1929

प्रिय भाई गणेशप्रसाद जी,

आपके 'कविता कुञ्ज' में विहार कर चित्त बहुत प्रसन्न हुआ। एक भाषा की कविता को दूसरी भाषा में कविता का रूप देना सहज नहीं है। किन्तु आपने अपने प्रयास में अच्छी सफलता प्राप्त की है। 'कुञ्ज' की कविता का चुनाव भी बड़ा अच्छा है और अनुवाद में मूल कविता के भाव तथा हिन्दी भाषा के महावरे की यथा शक्य रक्षा की गई है। आपके अनुवाद द्वारा

अंग्रेज़ी न जाननेवाले हिन्दी के भावुक पाठक भी अंग्रेज़ी के प्रमुख कवियों के काव्य का कुछ रसास्वादन अवश्य कर सकेंगे। काव्य-क्षेत्र में आपकी इस सफलता के लिये आपको मेरा अभिनन्दन है। आगे के लिये आपसे और भी बड़ी बड़ी आशाएँ बँधती हैं।

आपका

**हीरालाल**

---

Mr. Kamta Prasad Guru, Hindi Grammarian:—

मैंने श्रीयुत गणेशप्रसाद सिंघई जी की 'कविता-कुञ्ज' के कई अंश पढ़े और उनसे परम आनंद प्राप्त किया। अंग्रेज़ी की अनेक कविताओं का आपने बड़ा ही मनोहर और अविकल अनुवाद किया है। आपकी कृति में बहुधा मूल भाव की सुन्दरता पाई जाती है। सिंघईजी का प्रयत्न सर्वथा प्रशंसनीय है। रचना की भाषा शुद्ध, स्पष्ट और सुन्दर है। आशा है, आपकी रचनाओं से अंग्रेज़ी जाननेवाले हिन्दी भाषियों का विशेष मनोरंजन होगा।

गढ़ाफाटक जबलपुर }
ता० २०-८-२९ }

**कामताप्रसाद गुरु**

---

THE PIONEER

Sunday 11th, August 1929.

KAVITA-KUNJ

Translated by G. P. Singhai, to be had of the author, Saugor, as. 14.

This is a collection of some well-known English Poems translated into Hindi Verse,

stanza by stanza. The translation is fairly good and is printed with the original. The get-up of the book is neat.

---

## हिन्दी संसार की सर्व श्रेष्ठ सचित्र मासिक पत्रिका

# माधुरी

फरवरी जुलाई सन् ३०

**कविता-कुञ्ज**—लेखक श्रीयुत जी० पी० सिंघई। प्रकाशक साहित्य भवन लिमिटेड प्रयाग। पृष्ठ संख्या ९०, मूल्य ।॥=)

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक महाशय ने बड़े परिश्रम से अंग्रेजी के कुछ फुटकर रत्नों का हिन्दी पद्य में रूपांतर किया है। अपने प्रयत्न में सिंघईजी बहुत कुछ सफल हुए हैं। यद्यपि इतना कहने की जगह अवश्य है कि जो परिश्रम आपने अनुवाद करने में खर्च किया, उसी का स्वतंत्र कविता करने में प्रयोग करते, तो हिन्दी साहित्य में एक मौलिक कविता कुञ्ज की सृष्टि होती। खैर, अभी हम अनुवाद का इस आशा से स्वागत करते हैं कि आगे चलकर आप मौलिक रचना भी करेंगे। 'कविता-कुञ्ज' हाईस्कूल तथा इंटरमीडियेट कक्षा के विद्यार्थियों के लिये तो विशेष उपयोगी होना चाहिये।

**कालिदास**

---

हिन्दी साप्ताहिक पत्र

## कर्मवीर

खंडवा, शनिवार तारीख १० अगस्त १९२९

Selected English Poems in Hindi Verse.

अथवा कविता कुञ्ज ।

अनुवादक श्रीयुत जी० पी० सिंघई, सागर (सी० पी०)

अंग्रेज़ी साहित्य का सौन्दर्य प्रदर्शित करने की दृष्टि से, अनुवादक ने अंग्रेज़ी की कतिपय कविताओं का यह हिन्दी में नमूना उपस्थित किया है। 'कुञ्ज' की अनेक कवितायें भिन्न भिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों के हाईस्कूलों में पाठ्य-विषय में सम्मिलित हैं। हाईस्कूल की योग्यता के विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी कविताओं की अन्तरात्मा को समझने में प्रायः दिक्कत उठानी पड़ती हैं। श्रीयुत सिंघई के सुन्दर अंग्रेज़ी कविताओं के सरल और स्वच्छ अनुवाद से उनकी यह दिक्कत अवश्य दूर हो जायगी। अनुवादक ने अपने पद्य की भाषा को जहाँ तक हो सका है बहुत सरल और सुबोध बनाने का प्रयत्न किया है। आशा है, विद्यार्थी-जगत सिंघईजी के इस संग्रह से लाभ उठावेगा। पुस्तक श्री गणेशप्रसाद सिंघई, सागर (सी० पी०) से प्राप्त हो सकती है।

Review of different papers & press

The Hitavada, Nagpur.

Dated 28th April. 1929.

Mr. Singhai's work,

"Mr. Ganesh Prasad Singhai, a well-known Banker and a popular citizen of Saugor, has translated Gray's Elegy in Hindi besides translating a number of other best selections from English Poets. The beauty of the translation is that it is simple clear and charming and one does not feel inclined to lay aside the book before it is finished. There is probably no need of reading any poem twice over to make out its sense which is easily understood at the first reading. The test of an excellent composition is that one should feel more interested in it and receive increased pleasure every time one reads it. That Mr. Singhai's translation in question fully stands this test is an indisputable proof of its excellence. Another characteristic quality of Mr. Singhai's translation is that it shows a great amount of beauty and originality.